डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार




PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-पैसा वसूल या फिर डब्बा गोल टिकट बुक करने से पहले पढ़ें कैसी है सैफ-ऋतिक की 'विक्रम वेधा'

वर्ष -08 अंक -180 प्रयागराज, शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन को एक अरब डालर के अत्याधुनिक हथियार देगा अमेरिका

(आधुनिक समाचार)

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने यूक्रेन को 1.1 अरब डालर की नई सैन्य सहायता देने की घोषणा की है। यह सहायता अत्याधुनिक हथियारों की होगी। इस पैकेज में राकेट लांचर और ड्रोन को मार गिराने वाले हथियार होंगे। यूक्रेन के चार क्षेत्रों में जनमत संग्रह



कराकर उन्हें शामिल करने की रूसी प्रक्रिया के बाद यूक्रेनी क्षेत्रों को रूस के कब्जे से बचाने के लिए यह सहायता दी जाएगी। 15 अरब डालर की सैन्य सहायता दे चुका है अमेरिका माना जा रहा है कि ताजा सहायता संसद की स्वीकृति के बाद दी जाएगी और हथियारों की खरीद सीधे निर्माता कंपनियों से की जाएगी। जबकि अभी तक की सैन्य सहायता अमेरिकी सेना के शस्त्रागार से दी जा रही थी। युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका यूक्रेन को करीब 15 अरब डालर की सैन्य सहायता दे चुका है।रूस ने अमेरिका को चेताया अमेरिकी सहायता के ताजा संकेत के बाद रूस ने अमेरिका को चेताया है। कहा है कि वह हथियार भेजकर यूक्रेन में भीषण टकराव की स्थितियां बना रहा है। इन हथियारों से स्थितियां और बिगड़ेंगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी अमेरिका की होगी।

## सीबीआई ने आम्रपाली सिलिकान सिटी के खिलाफ 177 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी का मामला किया दर्ज

(आधुनिक समाचार)

**नई दिल्ली।** सीबीआइ ने आम्रपाली सिलिकान सिटी प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रमोटर अनिल कुमार शर्मा के खिलाफ 177 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद बुधवार को दिल्ली और नोएडा में छह स्थानों पर छापेमारी की। सीबीआइ ने बैंक आफ बड़ौदा की शिकायत पर कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो बैंक आफ महाराष्ट्र और पंजाब नेशनल बैंक सहित एक संघ का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा कंसोटिन्यम को कथित तौर पर धोखा दिया गया था। कंपनी ने न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) से सेक्टर 76 में एक समूह आवास परिसर,



आम्रपाली सिलिकान सिटी के विकास के लिए 1.76 लाख वर्ग मीटर से अधिक भूमि ली थी। उन्होंने कहा कि आडिट से पता चला है कि कंपनी ने 468 फ्लैट बेहद कम दरों पर बेचे, जिनमें से कुछ निर्माण लागत से भी कम थे। सीबीआइ ने कहा कि कंपनी के खातों और अन्य वित्तीय रिकार्ड के फोरेंसिक आडिट से पता चला है कि निर्माण लागत से कम कीमत पर फ्लैट बेचकर 73 करोड़ रुपये के फंड को संभवतः डायवर्ट किया गया था। अन्य मुद्दों के अलावा, आडिट से यह भी संकेत मिला कि कंपनी ने विभिनन्‍ घर खरीदारों से मिली 303.18 करोड़ रुपये की राशि को समूह की अन्य कंपनियों में स्थानांतरित कर दिया है। बैंक ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने ब्याज से इतर करीब 177 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, और जालसाजी की है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता आर.वेंकटरमणी होंगे अगले अटार्नी जनरल

(आधुनिक समाचार)

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील आर.वेंकटरमणी को सरकार ने देश का नया अटार्नी जनरल बनाया है। उनके नाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल पद संभालने से लेकर तीन साल तक का होगा। इस संबंध में बुधवार रात कानून मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वह केके वेणुगोपाल का स्थान लेंगे। वेणुगोपाल का कार्यकाल 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। वेणुगोपाल को जुलाई 2017 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इसी साल 29 जून को उन्हें तीन माह का सेवा विस्तार मिला था। वेंकटरमणी को वकालत करने का 40 साल से अधिक समय का लंबा



अनुभव है। वह विधि आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने 1977 में तमिलनाडु बार काउंसिल में अपना पंजीकरण कराया था। 1979 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील पीपी राव के साथ काम शुरू किया। वह नेशनल ला स्कूल आफ युनिर्वसिटी बेंगलुरु से भी जुड़े रहे हैं। वेंकटरमणी को आम्रपाली हाउसिंग प्रोजेक्ट मामले में कोर्ट ने रिसीवर बनाया था। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने देश के अगला अटार्नी जनरल बनने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। उन्होंने बताया कि उनके फैसले के पीछे कोई विशेष कारण नहीं है। केंद्र सरकार ने केके वेणुगोपाल (91) के स्थान पर मुकुल रोहतगी को अटार्नी जनरल पद की पेशकश की थी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी पर बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा का लीया जायजा

(आधुनिक समाचार)

**असम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को असम में दिनजान सैन्य अड्डे का दौरा किया। उन्होंने चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बुनियादी ढांचे



के विकास के साथ ही क्षमता विकास व संचालन तैयारियों की समीक्षा की। उनके साथ जीओसी 3 कोर के लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी भी थ रक्षा मंत्री 28 व 29 सितंबर को पूर्वी अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री सिंह के साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और पूर्वी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी हैं। रक्षा मंत्री ने जवानों के साथ बातचीत भी की। राजनाथ सिंह के सामने जवानों ने बार्डर फिल्म का गीत 'संदेशे आते हैं' भी गाया। रक्षा मंत्री ने जवानों की प्रतिभा के साथ ही देश के लिए उनके प्रयास और बलिदान की सराहना की रक्षा मंत्री को एलएसी के साथ बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ क्षमता विकास और संचालन संबंधी तैयारियों के बारे में जीओसी 3 कोर के लेफ्टिनेंट जनरल आर सी तिवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। इसके बाद, रक्षा मंत्री ने देश के पूर्वी हिस्से में गठन की परिचालन तैयारी की समीक्षा की। यात्रा के दौरान, रक्षा मंत्री को अग्रिम पंक्ति में तैनात सैनिकों की परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह अग्रिम चौकियों का दौरा करेंगे और परिचालन संबंधी तैयारियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करेंगे और सैनिकों से बातचीत करेंगे। वह स्थानीय इडु मिश्मी जनजाति के वार्षिक ट्रेक अथु पोपू के दूसरे धार्मिक अभियान के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे, जिसे भारतीय सेना द्वारा 2021 से भारतीय सेना के आउटरीच के हिस्से के रूप में सुविधा प्रदान की जा रही है और स्थानीय लोगों और विकास का समर्थन करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महिला आयोग की पहली अध्यक्ष जयंती पटनायक का 90 वर्ष की आयु में हुआ निधन

(आधुनिक समाचार)

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महिला आयोग की पहली अध्यक्ष जयंती पटनायक का बुधवार को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पुत्र प्रीतीव बल्लव पटनायक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम के वक्त



अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चार बार की सांसद थीं जयंती पटनायक जयंती पटनायक ने सांसद के तौर पर चार बार अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उनके पति दिवंगत जेबी पटनायक ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री थे, साथ ही उन्होंने असम के राज्यपाल के तौर पर भी जिम्मेदारियां संभाली हैं। साल 2015 में उनका निधन हो गया था। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। साल 1953 में जेबी पटनायक से शादी करने के बाद जयंती पटनायक कटक और बेरहामपुर दोनों से लोकसभा के लिए चुनी गईं।उम्र के एक पड़ाव पर बीमारियों ने घेरा जयंती पटनायक, बुढ़ापे से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थीं। गुरुवार शाम के वक्त अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके अंतिम संस्कार को लेकर परिवार के ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। राज्यपाल ने व्यक्त किया शोक ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल ने जयंती पटनायक के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राजभवन के ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, ओडिशा के राज्यपाल ने पूर्व सांसद, वरिष्ठ राजनेता और एक प्रसिद्ध लेखिका जयंती पटजयंती पटनायक का जन्म 7 अप्रैल, 1932 को गंजम जिले के अस्का में हुआ था और उन्होंने कटक के शैलबाला महिला स्वायत्त कॉलेज से समाजशास्त्र में सनतक की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस मुंबई से पोस्ट ग्रेजुएशन किया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओपीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक, पूर्व ओपीसीसी अध्यक्ष निरंजन पटनायक और कई अन्य गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

## तीन तलाक के बाद अब बहुपत्नी प्रथा पर लाना है कानून

(आधुनिक समाचार)

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने कहा कि जब भारत एक है तो देश में कानून भी सभी वर्गों के लिए एक समान होना चाहिए। जिस तरह देश में तीन तलाक के लिए कानून आया है और मुस्लिम वर्ग की महिलाओं को राहत मिली है, उसी तरह हमें अब बहुपत्नी वाले विषय के लिए समान नागरिक संहिता का कानून लाना है। राम माधव बुधवार को रायपुर के समता कालोनी स्थित अग्रसेन कालेज के सभागार में देश के विभाजन पर लिखी अपनी पुस्तक पार्टिशंड फ्रीडम के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं



कि इसे फिर लाया जाएगा। पीएफआइ की आरएसएस से तुलना करना बड़ी गलती राम माधव ने कहा कि पीएफआइ पर सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंध को समर्थन मिल रहा है। कुछ लोग आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएफआइ की आरएसएस के साथ तुलना उनकी उसी प्रकार की गलती है, जिस प्रकार की गलती हम मुस्लिम लीग के साथ आजादी से पहले किए थे। उसे कांग्रेस के बराबर माना था। उसके ही परिणामस्वरूप देश का विभाजन हुआ था राम माधव ने कहा कि आरआरएस देश को एक सूत्र में पिरोने वाला संवैधानिक संगठन है। पीएफआइ इसके एकदम विपरीत है। वह देश के अंदर अशांति, आतंक और विद्रोह को प्रोत्साहित करने करने वाला संगठन है। पीएफआइ से मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग सहमत नहीं है।

## समुद्री चक्रवात इयान का कहर

**रायटर।** समुद्री चक्रवात इयान के चलते फ्लोरिडा के तट पर एक नाव डूब जाने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह नाव क्यूबा के प्रवासियों की थी, हादसे में करीब 20 लोगों के लापता होने की बात कही जा रही है। अमेरिकी तटरक्षक बलों ने हादसे में लापता हुए लोगों की तलाश शुरू कर दी है।



## इराक के कुर्दिस्तान इलाके में ईरान ने दागी मिसाइल; 13 की मौत

**बगदाद।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा इराक के उत्तर-पूर्व कुर्दिस्तान इलाक में हमले की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि सेना ने इलाके में मिसाइले दागी हैं, साथ ही हमले के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया है। ध्ंिण् द्वारा की गई इस कार्रवाई में करीब 13 लोगों के मारे जाने की पुष्टी हुई है, साथ ही बताया जा रहा है कि करीब 58 लोगों घायल हुए हैं। इससे पहले सोमवार को रेवोल्यूशनरी गार्ड ने उत्तरी इराक के कथित ईरानी कुर्दिश अलगाववादियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ ड्रोन हमले किए थे। रायटर द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बुधवार (स्थानीय समय) को हुए ड्रोन हमलों में इराकी कुर्दिस्तान में सुलेमानिया के पास ईरानी कुर्दो के कम से कम 10 ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## गुजरात हाई कोर्ट ने पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार को दी अंतरिम जमानत

(आधुनिक समाचार)

**नई दिल्ली।** गुजरात हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरबी श्रीकुमार को 15 नवंबर तक अंतरिम जमानत दे दी। जस्टिस इलेश जे वोरा ने श्रीकुमार को 10,000 रुपये के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दी है। झूठे साक्ष्य गढ़कर गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री (नरेन्द्र मोदी), उनके कैबिनेट सहयोगियों को फंसाने के लिए कानून का दुरुपयोग करने के आरोप में श्रीकुमार को एनजीओ संचालिका सीतलवाड़ के साथ 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने श्रीकुमार को जेल से रिहा होने के एक सप्ताह के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। उन्हें संबंधित अदालत में नई जमानत अर्जी दाखिल करने की भी छूट दी गई है। हाई कोर्ट इस मामले में एक अन्य आरोपित तीस्ता सीतलवाड़ की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई कर रहा था। हाई कोर्ट ने निचली अदालत को विशेष जांच दल



(एसआइटी) द्वारा 21 सितंबर को दायर चार्जशीट के कागजात सीतलवाड़ के वकील को सौंपने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 15 नवंबर को होगी। सीतलवाड़ को सुप्रीम कोर्ट ने दो सितंबर को अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया था। बीते दिनों विशेष जांच दल (एसआइटी) ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर कहा था कि तीस्ता सीतलवाड़ गुजरात दंगों से जुड़े मामलों में फर्जी दस्तावेज बनाकर तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक पारी खत्म करने और उन्हें फांसी तक की सजा दिलाना चाहती थीं। एसआइटी ने छह हजार से अधिक पेज के आरोप पत्र में यह बात कही है। वर्ष 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े मामलों में फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले की जांच करने वाली अहमदाबाद पुलिस की एसआइटी के अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त बीवी सोलंकी ने बताया कि बुधवार को 6,300 पेज का आरोप पत्र मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट एमवी चौहान की कोर्ट में दाखिल किया गया।

## गुजरात को पहली मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे पीएम मोदी

(आधुनिक समाचार)

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर होंगे। उत्तर, मध्य व दक्षिण गुजरात के साथ सौराष्ट्र में भी कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान वह राज्य को पहली मेट्रो ट्रेन व वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। मोदी यहां चल रहे नवरात्र महोत्सव के गरबा में भी शामिल होंगे। गुरुवार को मोदी सूरत में ड्रीम सिटी का उद्घाटन करने के साथ ही एयरपोर्ट से लेकर नीलगिरी मैदान तक रोड शो करेंगे। सूरत में 3800 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही सूरत को बायो डायवर्सिटी पार्क की सौगात भी देंगे। इसके बाद वह भावनगर जाएंगे, जहां दुनिया के पहले सीएनजी टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। अहमदाबाद में 36वें राष्ट्रीय खेल समारोह का उद्घाटन भी करेंगे।



## अन्नदाताओं के चेहरे पर मुस्कान ला रहे किसान ड्रोन

(आधुनिक समाचार)

**नई दिल्ली।** ड्रोन का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। दो साल से भी कम समय में लगभग एक हजार ड्रोन किसानों का कामकाज खेतों में कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन की खरीद पर सरकार सब्सिडी दे रही है, जिसके चलते यह तेजी आई है। सरकार कृषि ड्रोन की खरीद पर 40 से लेकर 100 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है। दूसरी तरफ, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ माह पहले कृषि ड्रोन के लिए मुक्त नीति लागू करने की घोषणा की है। इस नीति के तहत कार की तरह कृषि ड्रोन की खरीद कर सिर्फ इसका रजिस्ट्रेशन कराना होता है। कोई भी अधिकृत ड्रोन पायलट उसे उड़ा सकता है। ड्रोन फेडरेशन के अनुसार, मुख्य रूप से फसल पर दवा का स्प्रे और फसल के स्वास्थ्य की जांच के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।



किसानों को मिल रही ज्यादा उपज ड्रोन से दवा का स्प्रे करने से पहले की अपेक्षा किसानों को अधिक उपज की प्राप्ति हो रही है। ड्रोन में लगे कैमरे से गनन्‍ जैसी फसल की सटीक जांच करने में मदद मिल रही है। अब तो एग्रोकेमिकल्स कंपनियां किसानों को कीटनाशक की खरीद पर उन्हें खेत में ड्रोन से कीटनाशक स्प्रे करने का भी आफर दे रही है। 15 हजार करोड़ रुपये का होगा कारोबार ड्रोन विशेषज्ञों के अनुसार, 2025 तक कामर्शियल ड्रोन का कारोबार लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का होगा और इसमें कृषि ड्रोन की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत होगी। 2030 में कामर्शियल ड्रोन का कारोबार 75 हजार करोड़ तक पहुंच सकता है।एक ड्रोन की कीमत छह लाख रुपये तक घरेलू ड्रोन निर्माता कंपनी आयोटेकर्ल्ड एविगेशन के निदेशक एवं सह-संस्थापक दीपक भारद्वाज ने बताया कि किसान ड्रोन एक दिन में 30 एकड़ खेत में दवा का स्प्रे या अन्य कार्य कर सकता है।

## लता मंगेशकर के नाम पर अयोध्या के चौक का हुआ नामकरण

(आधुनिक समाचार)

**नई दिल्ली।** भारतरतन लता मंगेशकर की आज 93वीं जयंती है। पीएम मोदी ने लता दीदी को



खास तरीके से याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा बहुत कुछ है जो मुझे याद है। अनगिनत बातचीत जिसमें उन्होंने इतना सन्हे बरसाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज अयोध्या में एक चौक का नाम उनके नाम पर रखा गया है। यह महानतम भारतीय प्रतीकों में से एक को एक उचित श्रद्धांजलि में से एक है। अयोध्या में चौक के नामकरण के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि लता दीदी के नाम पर बना ये चौक हमारे देश में कला जगत से जुड़े लोगों के लिए भी प्रेरणा स्थली की तरह कार्य करेगा। ये बताएगा कि भारत की जड़ों से जुड़े रहकर, आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भारत की कला और संस्कृति को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाना ये भी हमारा कर्तव्य है। लता मंगेशकर की 93वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सीएम योगी ने लता मंगेशकर चौक का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश भी जारी किया है। अयोध्या के इस चौक पर 40 फीट लम्बी वीणा लगाई गई है, जिसका वजन 14 टन है।

# सेवा पखवाड़ा के छठे दिन लगाया गया मेगा कैंप

(आधुनिक समाचार सेवा)
**जसरा।** आज गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के तहत कोविड टीकाकरण का मेगा कैंप लगाया गया लगभग 150 लोगों ने बूस्टर डोज लगवाया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री भाजपा सविता त्रिपाठी ने कहा कि आज देश लगभग कोरोना से मुक्त हो गया है। देश में 200 करोड़ से अधिक लोगो ने मुफ्त टीका लगवाया अब बूस्टर डोज भी लगवा रहें हैं। कार्यक्रम में मौजूद जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सविता मिश्रा ने प्रधानमंत्री जी के द्वारा लिए जा रहे फैसले को सही बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला, डॉ तरूण पाठक, पूनम मौर्य, शोभा दूवेदी, गीता सिंह, वंदना सिंह, राजाबाबू पाठक, भूपेंद्र पाठक, नीरज केसरवानी, प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशू मिश्रा,व महामंत्री रावेंद्र तिवारी, निधीष पाठक, अर्जुन सत्तन निषाद, राकेश पाठक, रतन पासवान, अखिलेश दृवेदी, बबीता सिंह, अक्षर केसरवानी, रिंकू सिंह, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।



## बार काउंसिल द्वारा अधिवक्ता दंपति 5 वर्ष के लिए निलंबित

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के डिसिप्लिनरी कमिटी द्वारा दंपति अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज नरेंद्र कुमार पांडेय एवं उनकी पत्नि सुधा पांडेय को उनके व्यवसायिक कदाचार में दोषी पाए जाने के कारण दंडित किया गया है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के डिसिप्लिनरी कमिटी ने अपने आदेश 28.03.2022 के द्वारा अधिवक्ता दंपति को पांच साल के लिए निलंबित किया है एवं इस दौरान उन्हें देश के किसी भी न्यायालय या न्याय पालिका के सम्मुख वकालत करने से वर्जित किया है। उनका नाम स्टेट रोल ऑफ एडवोकेट्स से पांच साल के लिए निलंबित करने का आदेश किया है। यह आदेश शिकायतकर्ता डा.अरूप बनर्जी के बार काउंसिल में शिकायत करने एवं लंबे समय तक डिसिप्लिनरी कमिटी के सम्मुख वाद के चलने के उपरांत पारित किया गया है।

# फीस वृद्धि पर वैध छात्रों से वार्ता के निर्णय का विरोध

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के मसले पर केवल वैध छात्रों से वार्ता करने के कुलपति के निर्णय का विरोध शुरू हो गया है। इविवि या फिर तमाम संगठन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र हैं, जो आंदोलनकारियों के साथ खड़े हैं इस तरीके की भाषा इविवि की तानाशाही पूर्ण रवैया को प्रदर्शित ही नहीं करती बल्कि इस बात



छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और सपा नेत्री ऋचा सिंह का कहना है कि समस्या के हल में जो भी सहायता देना चाहे उसका स्वागत होना चाहिए। आंदोलन को अराजक कहने वाले स्वयं अलोकतांत्रिक मानसिकता के शिकार हैं। इलाहाबाद में फीस वृद्धि पर आंदोलन को पूरे देश का समर्थन मिल रहा है। क्या वह पूरा देश का प्रमाण है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं का हल नहीं चाहता। वहीं दूसरी ओर अनशन कर रहे अजय यादव का कहना है कि वार्ता के लिए जो सूची विश्वविद्यालय प्रशासन को दी गई है उनमें कई छात्र इविवि पीजी प्रवेश में सफल हैं और प्रवेश के समय फीस उन्हीं को चुकानी होगी।

# स्वदेशी शिल्प महोत्सव का भव्य शुभारंभ भाजपा के विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल, डॉ विभा मिश्रा, जिला उद्योग केंद्र प्रयागराज के उपायुक्त लालजीत सिंह, एनएसआइसी के मुख्य प्रबंधक एम.एन. नोमान सार्वजनिक रामलीला समिति नैनी के मुख्य संरक्षक विनीत पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे रदराज से आए हुए सभी हस्तशिल्पयो का स्वागत करते हुए कहा कि आज यह महोत्सव आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता हुआ कदम है, इन्हीं स्वदेशी मेलों में भारत की आत्मा बसती है उन्होंने आवाहन किया कि हम सबको खादी ग्रामोद्योग और हस्तशिल्पयो से कुछ न कुछ उत्पाद खरीद कर इनका उत्साहवर्धन करना चाहिए आभार ज्ञापन एवं अतिथियों का स्वागत पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति के सचिव दत्तात्रेय पांडेय एवं कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण तिवारी ने किया इस अवसर पर यमुनापार कलाकार संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव, प्रसिद्ध गायक आशीष शर्मा, हरिमोहन पांडेय, विजय कनौजिया, मनोज त्रिपाठी, सूर्यकांत त्रिपाठी, सचिन द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड एन.एस.आइ.सी. उद्योग नगर, नैनी प्रयागराज के भव्य परिसर में पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा आयोजित यह महोत्सव अपने आप में यमुनापार का सबसे बड़ा आयोजन है यह महोत्सव जिला उद्योग केंद्र प्रयागराज द्वारा अधिसूचित है महोत्सव के संयोजक दत्तात्रेय पांडेय के अनुसार देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वोकल फार लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत को मूर्त रूप देते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत रख कर यह भव्य आयोजन किया जा रहा है इस महोत्सव में जहां ओ.डी.ओ.पी. के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं विभिन्न प्रदेशों के हस्तशिल्पी अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्री करेंगे वही प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक आयोजन के तहत गीत-संगीत नृत्य के भी कार्यक्रम होंगे इस अवसर पर सभी नगर वासियों को आमंत्रित करते हुए संयोजक दत्तात्रेय पांडेय ने कहा कि महोत्सव में खादी के वस्त्रों एवं अन्य उत्पादों पर विशेष छूट भी दी जाएगी भदोही की कालीन, सहारनपुर के फर्नीचर, बनारस एवं बंगाल की साड़ी, आगरा एवं कानपुर के लेदर के सामग्री, चादर, तकिया, लोई, क्राकरी, प्रतापगढ़ के आमला उत्पाद, फिरोजाबाद की चूड़ी सहित तमाम प्रदेशों के उत्कृष्ट उत्पाद इस मेले में मौजूद है लोगों के खाने-पीने के लिए फूड स्टॉल एवं बच्चों के लिए झूले भी आकर्षण का केंद्र है



# मालिन वस्तियो की महिलाओं के बीच सुरक्षित गर्भ समापन पर चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के अवसर पर स्वदेश सेवा संस्थान द्वारा मालिन वस्तियों की महिलाओं के बीच कुशल महिला चिकित्सकों के मार्गदर्शन में महिला स्वास्थ्य और सुरक्षित गर्भ समापन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुभाष राठी अधिवक्ता उच्च न्यायालय , विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ तरु पांडेय , डॉ गीता कौर, एवं डॉ पुष्पा पाल डायरेक्टर एमजीएम हॉस्पिटल व अतिथि के रूप में रचना अग्रवाल व दीप्ति मैम असिस्टेंट प्रोफेसर सीएमपी कॉलेज कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वदेश सेवा संस्थान के अध्यक्ष सचिन सिंह राजकुमार ने किया। चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया, इस क्रम में डॉ तरु पांडेय ने महिलाओ को गर्भ समापन व स्वास्थ्य संबंधित सभी जानकारी को दिया। डॉ सुभाष राठी ने महिलाओ की महामारी के समय में सफाई पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, साथ ही डॉ पुष्पा पाल ने महिलाओ के जीवन से जुड़ी व्यवहारिक पहलुओं के बारे में चर्चा किया और साथ ही यह बताया कि एक महिला दूसरे महिला की सहयोगी बनें तभी इस चीज का निवारण हो सकता हैं। डॉ गीता कौर ने महिलाओं को सलाह दिया की वह अपना गर्भ समापन पर किसी रजिस्टर हॉस्पिटल और रजिस्टर डॉक्टर से ही सलाह ले, झोला छाप डॉक्टर से परामर्श लेने से बचे।कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य और सुरक्षित गर्भ समापन से संबंधित पर्चा भी दिया गया जिससे उन्हें और भी जानकारी मिल सके और वे और लोगो को जागरूक करें।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वदेश सेवा संस्थान की टीम से अंकिता, मेहजबीन, मन्तशा , निकिता, अवंतिका, प्रज्ञा, आरती, रानी, आदि महिला शिक्षिका की उपस्थिति रही।



# धूमधाम से मनाई जाएगी महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जनपद में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से अपेक्षा करते हुये कहा कि सभी विद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर मार्ल्यापण के साथ ही गोष्ठियाँ आयोजित करायी जाय जिनमें दोनों महान जनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के सम्बन्ध में अवगत कराया जाय ताकि वह इन दोनो विभूतियों से प्रेरणा ले सके। इसी तरह वन विभाग द्वारा 02 अक्टूबर को विद्यालयों में 5-5 पौधों का वृक्षारोपण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहयोग से किया जाना है। इसके अलावा 02 अक्टूबर को तुलसीसदन (हादीहाल) में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी सूचना विभाग द्वारा लगायी जायेगी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होने सभी स्वैच्छिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों तथा सभी कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षा करते हुये कहा कि विगत वर्ष की भांति 02 अक्टूबर को उत्साह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किये जाये जिसमें जनभागीदारी को बढ़ाया जाये।




# विधायक ने बागवानी विकास हेतु निःशुल्क हाइब्रिड सब्जीयों के बीज का किया वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2022-23 में सब्जी की खेती कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्यान विभाग कार्यालय परिसर में माननीय विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य के द्वारा किसानों को हाइब्रिड सब्जी बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। योजना के तहत प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के लाभार्थी कृषकों को टमाटर, फूलगोभी, पातगोभी, कद्दू लौकी, बैंगन, शिमला मिर्च व करैला का हाइब्रिड बीज निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि कृषक उद्यान विभाग द्वारा दिये गये अच्छे बीज से मेहनत कर विभागीय तकनीकी का प्रयोग करते हुये अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होने ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले ऐशराज सरोज, गोभी की खेती करने वाले सतेवर एवं शेडनेट के प्रयोग से अच्छा लाभ कमाने वाले राम प्यारे एवं शिमला मिर्च की खेती से वर्ष में लगभग 6 लाख का लाभ कमाने वाले कृषक सूरज वर्मा से वार्ता भी की तथा अन्य कृषक को भी अच्छा लाभ कमाने एवं आय को दोगुना करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में डॉ0 सीमा सिंह राणा जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा लाभार्थी कृषकों को जनपद में संचालित समस्त योजनाओं के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही उद्यान विभाग से जुड़े रहने एवं संचालित योजनाओं में समय-समय पर विभाग से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेकर वैज्ञानिक विधि से औद्यानिक कार्यक्रमों की खेती कर अपनी आय को दोगुना किये जाने के गुण बताये गये। कार्यक्रम का संचालन इन्द्रमणि यादव क0पौ0र0स0 ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह, मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला जी, प्रधान सहायक नौशाद अहमद, सहायक उद्यान निरीक्षक राज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सत्यभान सिंह सहित कृषक उपस्थित रहे।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफलप्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 15, अक्टूबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 751882871, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# बच्चो ने पोषण के अधिकार की आवाज को किया बुलंद

## कम्पोजिट स्कूल भोपापुर के बच्चों ने निकाली पोषण रैली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी (हरहुआ)।** कम्पोजिट स्कूल भोपापुर के बच्चों ने बुधवार को रैली निकालकर पोषण के अधिकार की आवाज बुलंद की। रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरहुआ अमित दुबे व पीयूष रतन पाठक ने फीता काटकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली का नेतृत्व सार्थक संस्था की ओर से अनिल कुमार मौर्य ने किया। मौर्य ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों पो पोषण का पूरा अधिकार मिलना चाहिए। बच्चो से कहा कि घर मे पोषण वाटिका जरूर लगाएं। जिसमें मूली, पालक, गाजर, चुकंदर जरूर हो। संपूर्ण पोषण के लिए अंकुरित चना और मूंग के साथ गुड़ का सेवन करना चाहिए।बच्चो ने पोषण संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। साथ ही पोषण संबंधित नारे लगा रहे थे। रैली में शांता नन्द दुबे, सूर्यबली प्रसाद।






# ताईक्वांडो में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम बढ़ाने वाले हर्ष के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** बीते 22 से 25 सितंबर तक नेपाल के पोखरा में हुए तृतीय माउंट एवरेस्ट अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे जनपद समेत प्रदेश का मान बढ़ाने वाले हर्ष सिंह का आगमन सैदपुर हुआ। इस दौरान गौतम स्पोर्ट एकेडमी में खिलाड़ियों ने उसका स्वागत किया। स्वागत से गदगद हर्ष ने सभी का आभार जताया। बता दें कि हर्ष ने प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दर्जनों पदक जीते हैं। इस मौके पर एमडी अमित सिंह, जयहिंद यादव, शुभभ मिश्र आदि रहे।



# राष्ट्र की उन्नति में पत्रकारों का योगदान अहम है जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बस्ती।** प्रेस क्लब बस्ती के निर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को प्रेस क्लब भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी और उनसे सच्ची पत्रकारिता करने का आवाहन किया। शपथ ग्रहण के साथ कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें पत्रकारो ने पत्रकारिता पर चर्चा कर इसे और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि राष्ट्र की उननति में पत्रकारों का योगदान हमेशा से अहम रहा है। प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अबतक पत्रकारों ने कई मौको पर अपने लेखनी के माध्यम से समाज को जागृत करने का सार्थक प्रयास किया है। जिसके बदौलत तमाम आन्दोलन हुए और उसके सार्थक परिणाम भी आये। उन्होने कहा कि पत्रकारिता में शामिल लोग हमेशा इस बात का ध्यान रखे कि यह पेशा नही बल्कि आन्दोलन है। बतौर विशिष्ट अतिथि शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि देश के आन्तरिक सुरक्षा के अहम किरदार की अगर बात करें तो उसमें पत्रकार व उनकी पत्रकारिता शामिल है। उन्होने पत्रकारो से अपील किया कि वह अपने नाम के अनुरूप निष्पक्ष हो कर पत्रकारिता करें। जिससे राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने संरक्षक प्रकाश चन्द्र गुप्ता अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह,चन्द्र प्रकाश शर्मा, महामंत्री महेन्द्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेशचन्द्र श्रीवास्तव, संगठन मंत्री डॉ. वी के वर्मा तथा सम्प्रेक्षक वशिष्ट कुमार पाण्डेय को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद पर विजयी हुए राजेन्द्र कुमार उपाध्याय, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, विपिन बिहारी तिवारी, राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र, राजेश पाण्डेय, जीशान हैदर रिजवी व संजय विश्वकर्मा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाया। सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। निर्वाचन अधिकारी कृष्ण देव मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संचालन आलोक त्रिपाठी द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रेस क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष मारकण्डेय मणि त्रिपाठी ने अपने विचार रखे। इस दौरान डॉ. अजीत प्रताप सिंह, मुस्लिमा खातून, जय प्रकाश यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, प्रवीण पाण्डेय, सुनील मिश्रा, शिव प्रकाश गौड., सरदार जगबीर सिंह, जयंत कुमार मिश्र, डॉ. राम कृष्ण लाल जगमग, मजहर आजाद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे । चुनाव प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वालो को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।



# स्टेशन से सर्किट हाउस तक चला अतिक्रमण अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** एक अक्तूबर को शहर में तमाम विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन को देखते हुए प्रयागराज जंक्शन से शहीद आजाद सर्किट हाउस तक मार्ग अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। नगर निगम के दस्ते ने गुरुवार सुबह मार्ग से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है।नगर निगम के दस्ते मार्ग किनारे अस्थाई दुकानों को हटाया। बांस-बल्लियां जब्त कर लीं। पॉलिथिन जब्त कर लिया। दस्ते के सदस्यों ने बताया कि एक अक्तूबर को अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कांपलेक्स के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन होगा। इसमें केंद्रीय युवा व खेलमंत्री अनुराग ठाकुर आ रहे हैं। इसके अलावा शहर में एक और बड़ा आयोजन प्रस्तावित है। इसमें भी तमाम दिग्गज आएंगे।

# संगम तट पर किया जाएगा रावण का पुतला-दहन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** दशहरा के अवसर पर संगम क्षेत्र में धूमधाम से रावण का पुतला दहन किया जाएगा। कोरोना के कारण पिछले दो सालों में रावण का पुतला दहन बेहद सादगी के साथ हुआ। इस साल कोरोना का कहर कम हुआ तो पुतला दहन का कार्यक्रम बड़े स्तर पर किया जाएगा। जय त्रिवेणी जय प्रयाग संस्था के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय का कहना है कि इस बार 11 फीट का रावण का पुतला बनाया जा रहा है। नगर के सभी अफसरों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता भेजा जा रहा है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जाएगा।



# स्मार्ट युवा फिल्म फेस्टिवल में आईजी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया





( आधुनिक समाचार सेवा )
प्रयागराज। कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम स्मार्ट युवा फिल्म फेस्टिवल का मुख्य अतिथि आईजी रेंज प्रयागराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्मार्ट युवा पुस्तक का विमोचन कर प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# हरहुआ ब्लाक के 127 विद्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम हुए सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी (हरहुआ)।** प्राथमिक विद्यालय कोइराजपुर, हरहुआ, में बी.एस. ए. अरविंद पाठक ने हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता रैली की आज बुधवार को शुरुआत किया। साथ मे अपने सम्बोधन में स्वच्छता को जीवन का सशक्त माध्यम बताते हुए प्रतिदिन अमल में रखकर स्वस्थ रह सकते हैं।बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो ताकत और बुद्धि का विकास होगा।शिक्षक व अभिभावक इस दिशा में नैतिक दायित्व का निर्वहन करें ।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरहुआ अमित कुमार दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वच्छता महाभियान में सबकी सहभागिता पर जोर दिया। विद्यालय टीम के साथ मिलकर पूरे विद्यालय का कोना कोना स्वच्छ करने में सभी लोगो ने सहयोग किया। बीएसए द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बिस्किट वितरित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका विनिता सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसी क्रम में विकास खंड हरहुआ के 127 विद्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर साफ -सफाई किया गया।




# पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक के सेमिनार मे हुआ पर्यावरण पर मंथन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** देश के सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के साथ ही वाराणसी मंडल पर पिछले 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है।मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में वाराणसी मंडल पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज बुधवार को स्वच्छ संवाद के रूप में मनाया गया। उक्त आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आईआईटी माइनिंग के प्रोफेसर एन.सी. कर्माकर ने सभी का स्वागत करते हुए स्वच्छता के सतत विकास विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया की किस प्रकार से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए प्राकृतिक पदार्थो का उपयोग करते हुए विकास करना जो स्वत कायम रखा जा सके। उन्होंने बताया की सतत विकास से हमारा अभिप्राय ऐसे विकास से है, जो हमारी भावी पीढियों की अपनी जरूरतें पूरी करने की योग्यता को प्रभावित किए बिना वर्तमान समय की आवश्यकताएं पूरी करे। भारतीयों के लिए पर्यावरण संरक्षण, जो सतत विकास का अभिन्न अंग है, कोई नई अवधारणा नहीं है। भारत में प्रकृति और वन्यजीवों का संरक्षण अगाध आस्था की बात है, जो हमारे दैनिक जीवन में प्रतिबिंबित होता है और पौराणिक गाथाओं, लोककथाओं, धर्मों, कलाओं और संस्कृति में वर्णित है। उन्होंने बताया की ट्रांस्फॉर्मिंग आवर वर्ल्ड 2030 एजेंडा फॉर द सस्टेनेबल डेवलपमेंट' के संकल्प को, जिसे सतत विकास लक्ष्यों के नाम से भी जाना जाता है, भारत सहित 193 देशों ने सितंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय पूर्ण बैठक में स्वीकार किया गया था और इसे एक जनवरी, 2016 को लागू किया गया। सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य सबके लिए समान, न्यायसंगत, सुरक्षित, शांतिपूर्ण, समृद्ध और रहने योग्य विश्व का निर्माण करना और विकास के तीनों पहलुओं, अर्थात सामाजिक समावेश, आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को व्यापक रूप से समाविष्ट करना है। इस बैठक समारोह के उपरांत पूर्व सभी का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी ने कहा की भारतीय रेल लंबे अरसे से सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है और इसके मूलभूत सिद्धांतों को अपनी विभिन्न विकास नीतियों में शामिल करता आ रहा है। हाल के विश्वव्यापी आर्थिक संकट के बावजूद विकास की अच्छी दर बनाए रखने में हम सफल रहे हैं। इस वर्ष के विषय 'केवल एक पृथ्वी तथा 'प्रकृति के साथ सद्भाव में स्थायी रूप से रहना' जिनमें विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वाराणसी मंडल पर संरक्षा, सुरक्षा,परिचालन, यात्री सुविधा, पर्यावरण संरक्षण एवं उनन्त तकनीकों के प्रयोग हेतु वाराणसी मंडल से चलने वाली 09 गाड़ियों को सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। इस दौरान मंडल कार्यालय के भारतेन्दु सभागार कक्ष में अपर मंडल रेल प्रबंधक ( इन्फ्रा) श्री ज्ञानेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में स्वच्छता के सतत विकास विषय पर संवाद सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (आपरेशन) श्री एस पी एस यादव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन) श्री अलोक केशरवानी,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरेज एण्ड वैगन ) श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) श्री ए के सक्सेना,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (आपरेशन) अनिल कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल संसाधन एवं आंकड़ा प्रबंधक श्री एस एन राम,मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विवेक मिश्रा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री एस आर के मिश्रा,सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी श्री विजय आर्या,सभी स्टेशनों के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन के सभी पर्यवेक्षक एवं रेल कर्मचारी उपस्थित थे।




# जीडीए कार्यालय परिसर में होगी ड्रैगन फ्रुट की खेती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) परिसर और खाली भूखंडों पर ड्रैगन फ्रूड (कमलम फल) की खेती की जाएगी। उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर प्राधिकरण कार्यालय परिसर के चार हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में इसके पौधे रोपे जाएंगे। इस पर करीब 6.13 लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है। दो महीने में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। ड्रैगन फ्रूट को कमलम फल व पिताया के नाम भी जाना जाता है। इसे सबसे पहले मैक्सिको, दक्षिण अमेरिका व मध्य अमेरिका में उगाया गया। यह एंटी आक्सीडेंट, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, सोडियम, विटामिन का भरपूर स्रोत है। यह बैक्टीरिया व फंगल संक्रमण से लड़ने के लिए शरीर को प्रतिरोधक क्षमता भी प्रदान करता है। अपच, कब्ज जैसी पेट से जुड़ीं बीमारियों में भी यह बहुत कारगर है। डायबिटीज पीडितों को भी इससे लाभ मिलता है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नवागत उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर कार्यभार संभालने के बाद पहली बार जीडीए की विकास परियोजनाओं की प्रगति जानने के लिए क्षेत्र में निकले। विभिनन परियोजनाओं का निरीक्षण कर उन्होंने उसकी प्रगति के बारे में जानकारी ली और समय से सभी योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। उपाध्यक्ष सबसे पहले रामगढ़ताल के सुंदरीकरण के लिए लगाई जा रही रेलिंग देखने पहुंचे। उन्होंने रेलिंग एवं दर्शक दीर्घा के बारे में जानकारी ली। प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया कि रेलिंग लगाने एवं फुटपाथ बनाने का काम करीब दो महीने में पूरा हो जाएगा। यहां से उपाध्यक्ष नया सवेरा के मुख्य द्वार से नौकायन होते हुए अंतिम छोर तक गए। उपाध्यक्ष ने जेटी पर स्थापित ओपेन जिम आदि के बारे में जानकारी ली। वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निरीक्षण करने के बाद महंत दिग्विजयनाथ पार्क के पास निर्मित पार्किंग स्थल पहुंचे। उन्हें बताया गया कि जल्द ही पार्किंग शुरू कर दी जाएगी।






# मिर्जापुर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** चुनार थाना क्षेत्र में दस साल पहले बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट संतोष कुमार त्रिपाठी ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को पांच वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** मड़िहान तहसील से 200 मीटर दूर अवैध खनन और परिवहन में लिप्त ट्रक समेत दो ट्रैक्टर को बुधवार की सुबह तहसीलदार ने सीज कर दिया। फरार जेसीबी व चालक की तलाश की जा रही है। वाहनों को तहसील परिसर में खड़ा कराया गया है। मड़िहान तहसीलदार की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर हल्का लेखपाल से जवाब मांगा गया है।

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** पटेहरा, संतनगर थाना क्षेत्र के समसदिया माइनर पर बुधवार को साइकिल सवार को बचाने में नहर में गिरे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।राहकला निवासी शिवपूजन कोल (18) पुत्र विनोद कोल बुधवार को बिना हेलमेट के ही बाइक से कहीं जा रहा था समसदिया माइनर पर पहुंचा था कि सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर नहर में चली गयी । युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से वह अचेत हो गया। सूचना पर संतनगर पुलिस घायल को संतनगर के एक निजी अस्पताल ले गई। जहां देखते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी ने बताया कि साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार युवक नहर में गिर गया। जिसके सर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गयी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** ओवरलोड ट्रक को पकड़ने के बाद उसे पुलिस चौकी में काफी देर तक रोके जाने के मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कार्रवाई करते हुए नरायनपुर चौकी प्रभारी समेत तीन लोगों को लाइन हाजिर कर दिया। चौकी पर नए प्रभारी की तैनाती कर दी।

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदीहार बाजार में बुधवार की दोपहर विद्युत पोल पर चढ़ा लाइनमैन अचानक विद्युत सप्लाई चालू होने से करंट के झटके से नीचे गिर गया। पोल से नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। शाम ट्रामा सेंटर पहुंचने पर उसकी मौत हो गई।

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** विंध्याचल विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में अध्यक्ष/जिलाधिकारी सुश्री दिव्या मित्तल जी के आदेशानुसार नवरात्रि में मॉ विंध्यवासिनी पक्का घाट पर मॉ गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया है जिसमें जिले की प्रसिद्ध संगीतमय मॉ गंगा महाआरती देखने के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है जिसमें मॉ विंध्यवासिनी पक्का घाट को झालरों व फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है जिसमें रीधि सिद्धी के रूप में इक्यावन के संख्या में प्रतिदिन मॉ गंगा की आरती उतार रही है।



# विन्ध्याचल मेला में चोरी की योजना बना रहे चोर गिरोह का पर्दाफाश, 09 अदद मोबाइल तथा नगदी के साथ 08 अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा शारदीय नवरात्र मेला विन्ध्याचल को सकुशल व निर्बाध रूप सम्पन्न कराएं जाने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल का डिप्लायमेंट किया गया है । मेला क्षेत्र में व विभिन्न



घाटो पर सादे वस्त्र तथा वर्दी में पुलिस बल की विभिन्न प्रकार की ड्यूटीयां यथा-एंटी चैन सनेचिंग, एंटी थेफ्ट टीम, गुण्डा दमन दल, अभिसूचना इकाई, स्वाट टीम, एसओजी टीम सहित अन्य गठित टीमों को विन्ध्याधाम मेला क्षेत्र में सतत् रूप से भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए संदिग्धों की चेंकिंग करने के निर्देश दिए गए है तथा साथ ही साथ मेला में बने कन्ट्रोल रूम पर 24 घण्टे लगातार पुलिसकर्मियों द्वारा मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है । आज दिनांक 28.09.2022 को थाना विन्ध्याचल पुलिस, स्वाट व एसओजी टीम मय पुलिस बल दर्शनार्थियों की सुरक्षा हेतु मेला क्षेत्र व घाटों पर भ्रमणशील थी कि इस दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा आपस में मेला में आने वाले श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों के सामान की चोरी करने के बारें में योजना बनाई जा रही थी । थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा दबिश देकर कुल 08 व्यक्तियों को पकड़ा गया । जिनके कब्जे से 09 अदद मोबाइल तथा 10200/- नगद बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-181/2022 धारा 401 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । **विवरण पूछताछ –** गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा मेला क्षेत्र तथा विभिन्न घाटो पर रेकी की जाती है तथा समय देखकर दर्शनार्थियों का बैग, पर्स , मोबाइल इत्यादि की चोरी कर लेते है । हम लोग आपस में एक साथ बैठकर सामान चोरी करने के सम्बन्ध में बातचीत कर रहे थे कि प्रतिदिन स्थान बदल-बदल कर किसी दिन घाट पर तो किसी दिन मंदिर परिसर के आसपास बहुत ही सतर्क व सावधान रहकर चोरी करें तथा अभियुक्तों द्वारा यह भी बताया गया कि उनके द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्र मेला में गोण्डा से आकर यही आस पास रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है । **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण–** 1-संजय कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी छजवा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-32 वर्ष ।, 2-रामबरन पुत्र बालेश्वर निवासी दुलहापुर थाना धानीपुर जनपद गोण्डा, उम्र करीब-57 वर्ष ।, 3-लवकुश पुत्र गोलाराम निवासी छजवा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-28 वर्ष ।,4-लालचन्द्र पुत्र शिवराम निवासी मतवरिया थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-37 वर्ष ।, 5-मनोज कुमार पुत्र वीरेन्द्र निवासी डुमरिया डीह थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-29 वर्ष ।, 6-गुड्डू पुत्र नवादीन निवासी माथेपुर खड़ाहारी थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-40 वर्ष ।, 7-श्रीराम पुत्र स्व0 सुद्ध राम निवासी माथेपुर खड़ाहारी थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-29 वर्ष ।, 8-बजारीलाल पुत्र स्व0 सूर्यलाल निवासी माथेपुर खड़ाहारी थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, उम्र करीब-55 वर्ष ।**पंजीकृत अभियोग** मु0अ0सं0-181/2022 धारा 401 भादवि थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर । **आपराधिक इतिहास** अभियुक्त- संजय कुमार पुत्र किशोरी लाल, 1-मु0अ0सं0-96/2019 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा ।, 2- मु0अ0सं0-136/2019धारा 401,411,414,41 भादवि थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर 3-मु0अ0सं0-254/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा ।,**विवरण बरामदगी** 09 अदद मोबाइल व 10200/- नगद गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम – 1-उ0नि0 दयाशंकर ओझा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर मय टीम ।, 2-उ0नि0 राजेश जी चौबे प्रभारी स्वाट टीम मीरजापुर मय पुलिस टीम ।, 3-निरी0 सत्येन्द्र कुमार यादव प्रभारी एसओजी टीम मीरजापुर मय पुलिस टीम ।, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा पुलिस टीम को ? 20 हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# ओबरा नगर के लिए सदैव संघर्ष करता रहूंगा - आनन्द पटेल दयालु

(आधुनिक समाचार सेवा)
**(सोनभद्र) ओबरा।** ओबरा नगर की सड़कें अपने हालात पर रोना रो रहे हैं आम आदमी का चलना दूभर हो गया है और उसको कहीं कोई मदद नहीं मिल रही है । कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है केवल आश्वासन के सिवा कुछ नही मिलता। अब आम जनता करे तो क्या करें एक तरफ विकास के नाम पर वोट देने वाली ओबरा नगर की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वहीं दूसरी तरफ नगर के समुचित विकास के लिए सदैव तत्पर रहने वाले एवं संघर्ष करने वालेअपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु द्वारा जनहित में सदैव कार्य कराए जाते रहते हैं। अपने नगर में अच्छे बदलाव के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं इसी क्रम में से.10 नई बस्ती में खराब सड़क जहां पर चलना दुभर हो चुका है वहां पर भस्सी गिरवा कर उसे



समतल करा कर यहां की जनता को बहुत ही राहत देने का कार्य किया है। इस बाबत जब उनसे बात हुई उन्होंने कहा समाज के लिए घर से निकले हैं तक तथाकथित श्री भगवान गौतम बुद्ध ने कहा था कि दुनिया को बदलने से पहले खुद को बदल डालो दुनिया खुद बदल जाएगी अच्छा काम करते रहो चाहे कहे या ना कहे क्योंकि सूरज तब भी निकलता है जब करोड़ों लोग सोते रहते हैं। उनका सपना है कि उनका ओबरा नगर सदैव खुशहाल रहे अपने ओबरा की तस्वीर बदलने के लिए वह हर संभव प्रयास करते रहे हैं और करते रहेंगे यदि नगर की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला तो यह काम और भी आसानी से हो सकेगा। इस बाबत से.10 न्यू बस्ती की जनता ने आनंद पटेल दयालु को धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर शिब्बू खान जिला महासचिव, शिव दत्त दुबे जिला उपाध्यक्ष (पंचायत मंच) चंद्रशेखर आदि लोग मौजूद रहे।

# असहाय की सेवा कर मुझे सुकून मिलता है-सावित्री देवी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**चोपन।**थाना चोपन अंतर्गत बेरियर पर मंगलवार की शाम को फोन पर समाजसेविका सावित्री देवी को



सूचना प्राप्त हुई की एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति घायल अवस्था में पूरा नंगा पड़ा है दर्द से कराह रहा है सूचना मिलते है दौरान मौके पर पहुंच कर जानकारी लिया गया उसके बाद तत्काल इसकी सूचना समाज कल्याण अधिकारी सोनभद्र को दिया गया लेकिन अज्ञात व पहचान का कोई दस्तावेज ना होने की दशा में सहयोग में असमर्थता जताई उसके बाद खुद सहयोग करने के लिए सूचना नगर पंचायत चोपन लिपिक व प्रभारी निरीक्षक चोपन को दिया गया जिसके कुछ ही देर में नगर पंचायत लिपिक अंकित पाण्डेय अपने कर्मचारियों के साथ व प्रभारी निरीक्षक चोपन लक्ष्मण पर्वत भी मौके पर पहुंचे दरियादिली दिखाते हुए सर्वप्रथम उस व्यक्ति के शरीर से दुर्गंध होने की वजह से पानी, शैंपू,साबुन, डिटाल मंगवा कर कर्मचारी लोगों के द्वारा उसको नहलवाया गया और कपड़ा मांग कर उसको पहनवाया गया जिससे वह साफ सुथरा हो गया और उपचार हेतु 108 एंबुलेस पर फोन से सूचना देकर बुलवाया गया और चोपन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्राथमिक उपचार करवाया गया जिसके बाद स्थिति गड़बड़ देख कर उसको डाक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया।प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने कहा की हम लोग इस तरह की व्यक्ति के सेवा की लिए सदा तत्पर हैं।

## डाला पुलिस ने लोहे कि पाइप के साथ दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**(सोनभद्र) डाला।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों मादक द्रव्य पर अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28/9/22 को समय 7:30 बजे सुबह थाना चोपन में पंजीकृत मुकदमा अपराध ।

# थाना अदलहाट पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अदलहाट पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांक 28.09.2022 को उ0नि0 विनायक कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा वारण्टी नरेंद्र सिंह पुत्र तेज नारायण सिंह निवासी अगरसण्ड थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । 2- थाना जमालपुर पुलिस द्वारा 1 किलो 20 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार - पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध मादक पदार्थी की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त



अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 27.09.2022 को उ0नि0 सुभाष चंद्र बौद्ध मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर जमालपुर थाना क्षेत्र से एक नफर अभियुक्त मन्नू बिंद पुत्र स्व0 रामा बिंद निवासी डबक छावनी थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 किलो 20 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जमालपुर पर मु0अ0सं0 -97/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।3-जनपद में कानून/शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में 26 व्यक्तियों का द0प्र0सं0 151/107/116 में चालान किया गया, जिनका थानावार संख्यात्मक विवरण निमनंकित है – थाना चुनार - 09 ,थाना कछवा-05,थाना चौल्ह -01,थाना अहरौरा-04,थाना मड़िहान-02, थाना हलिया-03, थाना जिगना-02।

# डाला नगर पंचायत के वार्डो में हो रहे कार्य निर्माण का अपर जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**(सोनभद्र) डाला।** स्थानीय डाला नगर पंचायत के वार्डो में हो निर्माण कार्य को लेकर अपर जिलाधिकारी ने कार्यस्थल पहुंचकर किया



निरीक्षण बुधवार दोपहर के बाद अपर जिलाधिकारी ने डाला नगर पंचायत के वार्डो में हो रहे निर्माण कार्य जैसे नाली सड़क एवं निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्य का जायजा लिया जिससे क्षेत्र में संबंधित कार्यकर्ता में हड़कंप मच गया। इस दौरान एडीएम सहदेव मिश्रा के द्वारा रूटीन चेकअप के क्रम में डाला नगर पंचायत के विभिन्न कार्यो का निरीक्षण किया जिसमें डाला मलिन बस्ती के वार्ड में नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग करते हुए पाया गया जिसके उपरांत अपर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत के अधिकारी को तत्काल ठेकेदार पर कार्यवाहीं करने के लिए निर्देश दिए वही एडीएम श्री मिश्रा ने बताया कि आगामी त्योहार नवरात्र दशहरा मेला को लेकर नियमित साफ सफाई संबंधित तैयारियां को लेकर आज डाला नगर पंचायत के वार्डों का निरीक्षण किया गया जहां अच्छे काम के साथ बहुत कमी भी दिखाई दी साथ ही नगर विस्तारीकरण क्षेत्र में सड़क नाली शौचालय जैसी समस्या है जिसके लेकर क्रमशः नियमानुसार बहुत जल्द कार्य योजना में लाया जाएगा इस दौरान मुकेश जैन ने अपर जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि नगर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाया जाना चाहिए नियमित साफ सफाई होनी चाहिए खुली नालियों को जल्द से ढकवाया जाना चाहिए और नगर के सभी वार्डों में डस्टविन रखवाने की मांग किया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती को पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाए -जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जंयती दिनांक 02 अक्टूबर 2022 को पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सभी जनपदीय अधिकारियों, विभिन्न स्कूलो के प्रधानाचायी एवं वरिष्ठ



नागरिको के साथ बैठक कर भव्यता के साथ गांधी जंयती मनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जी भारत देश सहित कई देशो में महापुरूष के रूम मे जाने जाते हैं अतएव उनके कृतृत्व एवं व्यक्तित्व के बारे में आने वाली पीढ़ी/बच्चो को स्कूलो में गोष्ठी व परिचर्चा आयोजित कर बताया जाय। उन्होने कहा कि गांधीवादी जीवन दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर बच्चो को जानकारी देते हुये जातिगत भेदभाव सू दूर रहकर समाज में समता और समरसता लाने पर भी बल दिया गया। उन्होने कहा कि मानवाधिकारो की सुरक्षा, उसकी आवश्यकता की पूर्ति हेतु शासन की प्रतिबद्धता के से जनसाधारण को अवगत कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि ''मेरा गांव मेरा स्वच्छ गॉव'' के तहत कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालयों में भी पोस्टर प्रतियोगितायें आयोजित कराने पर बल दिया गया। विभिन्न संस्थाओ एवं कार्य कलापों की सहायता से स्वच्छता एवं साक्षरता को बढ़ाना देने तथा सामाजिक विषमता के अभिशाप के उनमूलन के लिये आम जनता का आह्वान किया जाय तथा इन कार्यक्रमो को नये दिशा प्रदान की जाय। उन्होने कहा कि महिलाओं की उननति के लिये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताये गये मार्ग का अवलम्बन करने बालिका शिक्षा के प्रसार, दहेज प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने के लिये सामाजिक चेतना पैदा करने के लिये एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जन सामान्य विशेषकर महिलाओ को भिज्ञ कराने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाय। उन्होने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वाराज्य की अवधारण के अनुसार गांव को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने तथा मूल भूत सुविधाये उपलब्ध कराने के साथ ही ग्रामवासियों में सच्चरित्रता, सादगी तथा स्वालम्बन की भावना उत्पन्न करने हेतु भी कार्यक्रम आयोजित किया जाय। उन्होने कहा कि शासन की पारदर्शिता नीति और इस सम्बन्ध में किये गये अभिनव एवं सार्थक प्रयास से भी जन साधारण को अवगत कराया जाय। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री शिव प्रताप शुक्ल ने गांधी जंयती 02 अक्टूबर 2022 को आयोजित कार्यक्रमो की तैयारियो के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि प्रातः 06ः30 बजे से विभिन्न स्कूलो/कालेजो के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जिसके संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका होंगे। पूर्वानह 07 बजे से बिनानी कालेज से कलेक्ट्रेट तक जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मैराथन दौड़ कराया जायेगा। निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट में ध्वाजारोहण के उपरान्त मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जायेगा। प्रातः 08 बजे सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में महात्मा गांधी व लाल बहादुर के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कार्यक्रम तथा रघुपति राघव राजाराम तथा वैष्णव जन का सामूहित गान किया जायेगा।

# मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा प्रशासनिक भवन में बैठक कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटो से मेला व्यवस्था के बारे में की समीक्षा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** माँ विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में चल रहे शारदीय नवरात्र मेला में आने वाले भक्तो को किसी प्रकार असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष मिश्र के द्वारा प्रत्येक दिन सांय 07 बजे से 08 बजे तक प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों साथ बैठक कर मेला व्यवस्थाओ के बारे में फीडबैक लिया जा रहा हैं तथा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के द्वारा बताया गये कमियो/आवश्यकताओं को पूरा कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया जा रहा हैं। मेला द्वितीय दिन देर सांय प्रशासनिक भवन में मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियो के साथ बैठक की गयी। बैक में मण्डलायुक्त ने कहा कि उनके भ्रमण के दौरान अष्टभुजा पहाड़ी पर स्थित मोतिया तालाब पर प्रकाश व्यवस्था कम देखा गया। वहॉ प्रकाश बढ़ाने की आवश्यकता है आज ही बैठक के बाद सम्बन्धित अधिकारी पहुँचकर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि मेला ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियो के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा हैं सफाई व्यवस्था भी देखी गयी इसे पूर मेला के दौरान और बेहतर बनाये रखने की आवश्यकता हैं। उन्होने कहा कि पंचमी से अष्टमी तक विशेष निगरानी तथा ड्यूटी करने की आवश्यकता पड़ेगी सभी अधिकारी माँ के धाम में पूरी निष्ठा के साथ ड्यूटी करे ताकि मेला को सकुशल सम्पन्न कराया जा सकें।जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा देर रात्रि बैठक समाप्त होने के उपरान्त काली खोह, अष्टभुजा एवं पहाड़ी पर प्रत्येक मार्गी, मोतिया तालाब, गंगा घाट आदि स्थलो पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। तदुपरान्त सम्बन्धित अधिकारियो को और बेहतर व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी के द्वारा आज प्रातः काल से ही मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलो पर भ्रमण कर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र द्वारा भी काली खोह व अष्टभुजा पर जाकर व्यवस्थाओं को देखा गया तथा आने वाले यात्रियो से मेला व्यवस्था के बारे में वार्ता कर फीडबैक भी लिया गया। इसी क्रम जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने भी विन्ध्याचल मन्दिर व आस पास न्यू0 वी0आई0पी0 व पुरानी वी0आई0पी0 तथा पक्का घाट मार्ग तथा अमरावती से रेहड़ा मार्ग का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। विंध्याचल नवरात्र मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा प्रत्येक स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। नवरात्र मेला भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा देखा गया कि अमरावती चैराहा के आस-पास बड़ी संख्या में दर्शनार्थी सड़क के किनारे सो रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा उनकी सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल व अपर पुलिस अधीक्षक श्री कांत प्रजापति को उपयुक्त स्थान का चयन कर निरू शुल्क रैन बसेरा तत्काल बनाने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी द्वारा अमरावती चैराहा के पास उपयुक्त अमरावती चैराहा-रेहडा मार्ग पर छोटकी महुवरिया, रेहड़ा ट्रांसफार्मर के बगल स्थान का चयन कर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।



## निर्देश

मोतिया तालाब पर प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने का दिया गया निर्देश श्रद्धालुओं के लिये बुनियादी सुविधाये व पूरे मेला क्षेत्र में और बेहतर सफाई कराने का निर्देश मण्डलायुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था संतोषजनक और बेहतर करने की आवश्यकता जिलाधिकारी द्वारा आज पूर्वान्ह लगभग 10 बजे यात्रियो के लिये निशुल्क रैन बसेरा हेतु स्थल का किया गया निरीक्षण आज रात्रि तक रैन बसेरा तैयार कराने का निर्देश देते हुये पेयजल हेतु टैंकर, मोबाइल शौचालय के व्यवस्था करने का भी निर्देश, अमरावती चैराहा के आस पास सड़क के किनारे सोये हुये यात्रियो को देख जिलाधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियो के द्वारा मेला क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओ का अनवरत किया जा रहा है निरीक्षण।

## 2022-23 में लागू होंगे ये नियम बल्लेबाजों को होगा फायदा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** गुरुवार को बहुप्रतिक्षित बिग बैश लीग की तरफ यह घोषणा की गई कि 2022-23 सीजन से इस लीग में डिसिजन रिव्यू सिस्टम यानी डीआरएस लागू किया जाएगा। पिछले साल इंटरनेशनल और स्टेड बॉर्डर की सीमा बंद होने से इस तकनीक का इस्तेमाल करने में देरी हुई थी। यह नियम मेंस टीम के सभी मैचों के लिए उपलब्ध होंगे बल्कि वुमेंस की बात करें तो 24 मुकाबलों में इस नियम का लागू किया जाएगा। बिग बैश के अधिकारियों ने कहा कि लीग भविष्य के सीजन में अधिक से अधिक डीआरएस को लागू रखने का प्रयास करेगा। क्रिकेट के इस नियम का उपयोग वर्ल्ड की कई नामी-गिरामी लीग में पहले से हो रहा है। आइपीएल, कैरेबियन प्रीमियर लीग, द हंड्रैड, पीसीएल और बांग्लादेश में होने वाले लीग में इस नियम का उपयोग हो रहा है लेकिन बिग बैश लीग में इसका उपयोग अब से पहले नहीं हो रहा था लेकिन अगले सीजन में इसका उपयोग किया जाएगा।



## शामराह ब्रुक्स की विस्फोटक पारी से जमैका ने गयाना को हराया, फाइनल में बारबाडोस से भिड़ेगी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर मैच में शामराह ब्रुक्स की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर जमैका तलावास ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को 37 रनों से हराकर सीपीएल के फाइनल में जगह बना ली है जहां 1 अक्टूबर को टीम, बारबाडोस रॉयल्स से भिड़ेगी। प्रोविडेंस स्टेडियम गयाना में खेले गए दूसरे क्वालीफायर के दौरान टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जमैका ने शामराह ब्रुक्स के 52 गेंदों पर 109 रनों की पारी और बाद में इमाद वसीम के 15 गेंदों पर 41 की तेज-तर्रार पारी ने 4 विकेट खोकर 226 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ब्रुक्स ने अपनी पारी में 7 चौके और 8 छक्के लगाए जबकि इमाद ने 4 चौके और 3 छक्के लगाकर जमैका को एक विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।227 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गयाना अमेजन की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 19 के स्कोर पर उसने पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद लगातार अंतराल में टीम के विकेट गिरते चले गए। गयाना की तरफ से कीमो पॉल को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। पॉल ने 37 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। गयाना की टीम 8 विकेट खोकर 189 रन ही बना पाई और जमैका ने 37 रन से मैच जीतकर सीपीएल 2022 के फाइनल में जगह बना ली। एक अक्टूबर को सीपीएल 2022 का फाइनल मुकाबला जमैका तलावास और बारबाडोस रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। बारबाडोस रॉयल्स ने पहले क्वालीफायर मैच में गयान अमेजन वॉरियर्स को 87 रनों के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जबकि जमैका तलावास ने पहले एलिमिनेटर में सेंट लूसिया किंग्स को 33 रन से हराया और फिर क्वालीफायर 2 में गयाना अमेजन वॉरियर्स को हराया।



## रोहित ने तोड़ा धौनी का रिकार्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की टाप क्लास कप्तानी साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में भी जारी रही और उन्होंने साल 2022 में अपनी 16वीं जीत क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दर्ज की। इस मैच में भारतीय टीम की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने मेजबान प्रोटियाज पूरी तरह से धराशाई हो गई और सिर्फ 106 रन ही बना पाई। भारतीय टीम ने जीत के लिए सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान बन गए। भारत के लिए एक साल में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा से पहले एम एस धौनी थे। धौनी ने साल 2016 में 15 टी20 इंटरनेशनल मैच जीते थे, लेकिन रोहित ने 16 मैच जीतकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। आपको बता दें कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए पहले टी20 मुकाबले में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन



के लिए मिले लक्ष्य को 2 विकेट खोकर आराम से हासिल कर लिया और 8 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच को जीतने के साथ ही रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान एक रिकार्ड अपने नाम कर लिया और महेंद्र सिंह धौनी को पीछे छोड़ दिया। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर अपनी 16वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही रोहित शर्मा एक साल में भारत करते हुए प्रोटियाज को 8 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले गेंदबाजी की और अर्शदीप सिंह (3 विकेट) व दीपक चाहर (2 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर साउथ अफ्रीका को 106 रन पर रोक दिया। इसके बाद भारत ने केएल राहुल के नाबाद 51 रन और सूर्यकुमार यादव के नाबाद 50 रन की पारी के दम पर मैच जीत लिया। रोहित शर्मा इस मैच में शून्य पर आउट हुए जबकि कोहली भी 2 रन ही बना पाए।

## आखिर अपने ही टीम पर क्यों भड़क गए मियांदाद बोले

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ 7 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। फिलहाल पाकिस्तान की टीम सीरीज में 2-2 की बराबरी पर है लेकिन एशिया कप से लेकर अब तक पाकिस्तान की मीडिल ऑर्डर



बल्लेबाजी की समस्या सुधरी नहीं है। बाबर आजम ने दूसरे टी20 मैच में शतक लगाकर अपने फॉर्म में आने का संकेत जरूर दे दिया है लेकिन मीडिल ऑर्डर की बल्लेबाजी अब भी परेशान कर रही है। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को छोड़कर कोई भी टीम में बड़ा स्कोर नहीं बना पा रहा है जो टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान की बड़ी समस्या है। कराची में हुए चौथे टी20 मैच में भी पाकिस्तान की टीम को इसी समस्या से दो चार होना पड़ा जब शुरुआती साझेदारी के बावजूद टीम बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर पाई वो तो भला हो पाकिस्तान के गेंदबाजों का जिन्होंने अपनी गेंदबाजी से टीम को सीरीज में वापसी दिला दी।

## सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के बल्लेबाज मो. रिजवान को पीछे छोड़ बना डाला यह नया वर्ल्ड रिकार्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में सूर्यकुमार यादव ने भारतीय टीम के लिए नाबाद अर्धशतकी पारी खेलते हुए ना सिर्फ टीम इंडिया को जीत दिलाई बल्कि इस मैच में लगाए अपने 3 छक्कों के दम पर उन्होंने एक नया वर्ल्ड रिकार्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया। सूर्यकुमार यादव ने इस रिकार्ड पर पहले से कब्जा किए पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज मो. रिजवान को पीछे छोड़ दिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सूर्यकुमार यादव ने 33 गेंदों पर 3 छक्के व 5 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली और ये रन उन्होंने 151.52 की स्ट्राइक रेट से बनाए। अपनी पारी में लगाए इन 3 छक्कों की मदद से सूर्यकुमार यादव अब एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यकुमार यादव से पहले ये रिकार्ड पाकिस्तान के बल्लेबाज मो. रिजवान के नाम पर दर्ज था, लेकिन वो अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं और सूर्यकुमार यादव पहले स्थान पर आ गए हैं। साल 2022 में सूर्यकुमार यादव ने अब तक कुल 45 छक्के लगाए हैं जबकि साल 2021 में मो. रिजवान ने 42 छक्के लगाए थे। वहीं इस मामले में तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल का नाम आता है जिन्होंने साल 2021 में कुल 41 छक्के लगाए थे तो वहीं वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इविन लुईस इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2021 में 37 छक्के जड़े थे। यही नहीं इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने शिखर धवन का रिकार्ड तोड़ दिया और भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। इस वर्ष अब तक सूर्यकुमार ने कुल 732 रन बनाए हैं जबकि धवन ने 2018 में 689 रन बनाए थे। आपको बता दें कि पहले टी20 में प्रोटियाज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 106 रन बनाए इसके जवाब में भारत ने केएल राहुल के नाबाद 51 रन और सूर्यकुमार के नाबाद 50 रन की पारी के दम पर 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 110 रन बनाते हुए मैच को 8 विकेट से जीत लिया।



## विश्व कप हाकी में भारत का पहला मैच 13 जनवरी को स्पेन से

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**मेजबान भारत पुरुष विश्व कप हाकी में अपना शुरुआती मैच प्रतियोगिता के पहले दिन 13 जनवरी को अपने से कम रैंकिंग के स्पेन के विरुद्ध नवनिर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, राउरकेला में खेलेगा। विश्व रैंकिंग में पांचवे नंबर पर काबिज टोक्यो ओलिंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को इंग्लैंड (विश्व रैंकिंग छह), स्पेन (विश्व रैंकिंग आठ) और वेल्स (विश्व रैंकिंग 16) के साथ पूल-डी में रखा गया है। भारत अपना दूसरा मैच राउरकेला में ही 15 जनवरी को इंग्लैंड के विरुद्ध खेलेगा और इसके बाद वह भुवनेश्वर में 19 जनवरी को वेल्स का सामना करेगा।





## राशिफल



**मेष-:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास. कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें।

**वृष-:** आज आपको मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है. आप समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है।

**मिथुन-:** आज के दिन नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। का ध्यान रखें और उन्हें हाथ से जाने न दें।

**कर्क-:** आज आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। किसी मित्र को आपकी सलाह से बहुत लाभ हो सकता है। आपको केवल उन अवसरों के लिए धैर्य रखना होगा जो आपको मिलेंगे।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या-:** आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है।

**तुला-:** आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। आज आप अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक-:** व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे. पिछले कुछ समय से अगर आपका जीवनसाथी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था।

**धनु-:** आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-:** आज आपको न तो कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए. यह एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं।

**मीन-:** आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे. आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।






## मो. रिजवान की पारी से पाकिस्तान को 5वें टी20आई में इंग्लैंड पर मिली जीत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने 7 मैचों की टी20 सीरीज के पांचवें मैच में इंग्लैंड को 6 रन से हरा दिया और सीरीज में 3-2 की बढ़त बना ली। लाहौर में खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम मो. रिजवान की अर्धशतकीय पारी के दम पर 19 ओवर में 145 रन ही बना पाई, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन तक ही पहुंच पाई। मो. रिजवान को इस मैच में उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब दिया गया पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का बल्ला पांचवें टी20 मैच में भी नहीं चला। तीसरे मैच में शतकीय पारी खेलने के बाद वो चौथे और पांचवें मैच में रन बनाने में सफल नहीं रहे, लेकिन मो. रिजवान का बेहतरीन प्रदर्शन लगातार जारी रहा। एक तरफ जहां पाकिस्तानी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने धराशाई होते रहे रिजवान ने एक छोर थामे रखा और 46 गेंदों पर 3 छक्के व 2 चौकों की मदद से उन्होंने 63 रन बना डाले। पाकिस्तान के नौवें बल्लेबाज के रूप में रिजवान का विकेट गिरा। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान बाबर आजम ने 9 रन, शान मसूद ने 7 रन, हैदर अली 4 रन, इफ्तिखार अहमद 15 रन, आसिफ अली 5 रन, मो. नवाज शून्य रन, शादाब खान 7 रन, आमेर जमाल 10 रन, हैरिस राउफ 8 रन पर आउट हुए जबकि मो. वसीम जूनियर 6 रन बनाकर नाबाद रहे।



## फुटबाल विश्व कप से पहले लियोन मेसी के दो गोल से जीता अर्जेंटीना

**हैरिसन।** सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोन मेसी के दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने फुटबाल विश्व कप से पूर्व अपने अंतिम अभ्यास मैच में जमैका को 3-0 से हरा दिया। मेसी ने दो गोल किए और इस दौरान दो बार प्रशंसक मैदान के अंदर घुस आए। अर्जेंटीना के कोच लियोन स्कालोनी ने कहा कि आपको मेसी का लुत्फ उठाना होगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका देश कौन सा है, हर कोई यही करता है। मैं उनका कोच हूं, लेकिन मैं उन्हें देखने के लिए टिकट खरीदूंगा। जूलियन अल्वारेज ने 13वें मिनट में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई।

## डक पर आउट होने के मामले में रोहित शर्मा ने युवराज सिंह का तोड़ा रिकार्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले ही मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी से निराश किया। रोहित शर्मा और केएल राहुल ओपनिंग करने उतरे, लेकिन दोनों के बीच सिर्फ 9 रन की ही साझेदारी हो पाई और फिर हिटमैन आउट हो गए। रोहित शर्मा ने सिर्फ 2 गेंदों का सामना किया और कगिसो रबादा ने उन्हें छकाते हुए विकेट के पीछे क्विंटन डीकाक के हाथों डक (सिल्वर डक) पर आउट कर दिया। रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 9वीं बार डक पर आउट हुए और वो भारत की तरफ से क्रिकेट के सबसे छोटे पारूप में सबसे ज्यादा बार आउट होने के मामले में पहले नंबर पर हैं। वहीं केएल राहुल इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं और वो 5 बार टी20 आई में डक पर आउट हो चुके हैं। वहीं विराट कोहली इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं वो चार बार डक पर अपना विकेट गंवा चुके हैं। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में डक पर सबसे ज्यादा बार आउट होने के मामले में रोहित शर्मा पांचवें नंबर पर आ गए और उन्होंने युवराज सिंह का रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में 27वीं बार डक पर आउट हुए जबकि युवराज सिंह के साथ 26 बार ऐसा हुआ था। इस मामले में पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर, दूसरे पर विराट कोहली और तीसरे पर वीरेंद्र सहवाग मौजूद हैं।



## क्रिस गेल के आने के बाद भी सहवाग की टीम इरफान पठान के सामने नहीं टिक पाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** लीजेंड्स क्रिकेट लीग 2022 का 9वां मुकाबला गुजरात जाइंट्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच में इरफान पठान की कप्तानी वाली भीलवाड़ा किंग्स को 57 रन से जीत मिली। वीरेंद्र सहवाग की टीम गुजरात की तरफ से इस मैच में क्रिस गेल भी खेले, लेकिन वो अपना प्रभाव छोड़ने में सफल नहीं हो पाए। इस मुकाबले में सहवाग ने टास जीतकर इरफान को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया और पहले खेलते हुए भीलवाड़ा ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन बना डाले। इसके जवाब में गुजरात की टीम 19.4 ओवर में 110 रन पर सिमट गई और उसे हार मिली। इस मैच में इरफान पठान की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और मोर्ने वैन विक और विलियम पोर्टरफील्ड ने पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी करते हुए टीम को बेहतरीन शुरुआत दिला दी। वैन विक ने 28 गेंदों पर 4 छक्के व 4 चौकों की मदद से 50 रन जबकि पोर्टरफील्ड ने 33 गेंदों पर 2 छक्के व 10 चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेल डाली। कप्तान इरफान पठान ने भी तेज 34 रन बनाए और जेसल कारिया ने 43 रन का योगदान दिया। वहीं यूसुफ पठान ने दो छक्कों की मदद से 14 रन पांच गेंदों पर बनाए जबकि राजेश बिशनेई ने भी नाबाद 12 रन बनाए।



## हनुमा विहारी करेंगे शेष भारत की कप्तानी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने सौराष्ट्र के खिलाफ ईरानी कप 2022 मुकाबले के लिए बुधवार को शेष भारत की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसकी कमान भारत के टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज हनुमा विहारी को सौंपी गई है। रणजी ट्राफी 2019-20 चैंपियन सौराष्ट्र के खिलाफ यह मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा। सौराष्ट्र के 2019-20 में रणजी चैंपियन बनने के बाद कोविड-19 के कारण लाकडाउन के कारण यह मुकाबला नहीं खेला जा सका था। इस टूर्नामेंट की तीन साल बाद वापसी हो रही है जिसे महामारी के कारण बंद कर दिया गया था। बीसीसीआइ सचिव जय शाह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार टीम में विहारी के अलावा मयंक अग्रवाल, प्रियांक पांचाल, अभिमन्यु ईश्वरन, यश ढुल, सरफराज खान, यशस्वी जायसवाल के रूप अनुभवी और युवा बल्लेबाजों का अच्छा मिश्रण है। इसमें से सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल गजब की फार्म में चल रहे है। यशस्वी ने दुलीप ट्राफी 2022 के फाइनल मैच में अपनी टीम के लिए दोहरा शतक लगाया था तो वहीं सरफराज खान ने दूसरी पारी में नाबाद शतकीय पारी खेली थी।



## सम्पादकीय

# महिला विरोधी अपराधों को जाति-मजहब के आधार पर देखना खतरनाक

अपने देश में अपराध की किसी न किसी घटना को लेकर बहस और विवाद छिड़ा ही रहता है, लेकिन यह भी देखने को मिलता है कि ऐसे किसी प्रकरण में तो जोरदार बहस होती है तो उसी तरह अन्य के मसले पर मौन साध लिया जाता है। इसका हालिया उदाहरण है लखीमपुर खीरी में दलित समुदाय की दो किशोरियों से दुष्कर्म के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला। यह मामला यकायक सुखियों से बाहर हो गया, जबकि यह ऐसी घटना थी, जिस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए थी। यह हमारे देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी अवांछित घटनाएं होती ही रहती हैं। ऐसे कुछ मामले तो राष्ट्रीय मसला बन जाते हैं, किंतु कुछ पर राजनीतिक दल और बुद्धिजीवी मौन साध लेते हैं। कभी-कभी ऐसी घटनाओं पर दोषियों का बचाव करने वाले या फिर अपराध को जातीय या मजहबी दृष्टि से देखने वाले संकीर्ण राजनीति करना शुरू कर देते हैं, जबकि ऐसी निंदनीय घटनाओं को केवल सामाजिक नैतिकता के मूल्यों के आधार पर आंकना चाहिए। ऐसी घटनाओं के लिए आम तौर पर लोग फौरन शासन-प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा देते हैं, जबकि शासन-प्रशासन पर अंगुली उठाने से पहले हमें समाज एवं सामाजिक परिवेश पर ध्यान देना आवश्यक है। इस तरह की घटनाओं में यही देखने को अधिक मिलता है कि आरोपितों की मानसिकता अपराध के लिए जिम्मेदार होती है। यह चिंता की बात है कि तमाम कठोर कानूनों के बाद भी महिला विरोधी अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इसका कारण यही है कि उस मानसिकता पर प्रहार नहीं हो रहा है, जो ऐसे अपराधों के लिए जिम्मेदार है। लखीमपुर खीरी मामले में दोषी माने जा रहे आरोपितों की पहचान हो गई है और उनकी गिरफ्तारी भी कर ली गई है। अभी तक की जानकारी में दुष्कर्म एवं हत्या के इस मामले में कुल छह आरोपित पकड़े गए हैं। इनमें छोटू गौतम, जुनैद, सुहैल, आरिफ, करीमुद्दीन और हफीजुर्रहमान हैं। अल्पसंख्यक समुदाय का कोई बड़ा प्रतिनिधि इस दरिंदगी की निंदा के लिए खुलकर सामने नहीं आया। जिन्होंने इस घटना की निंदा की, उनकी प्रतिक्रिया में राजनीति अधिक दिखाई दी। इससे पहले हाथरस, उनव के मामलों में खूब राजनीति हुई। इसके और पहले जम्मू के कठुआ में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म एवं हत्या का मामला तो राष्ट्रीय मसला बन गया था। इस मामले पर न केवल अल्पसंख्यक समुदाय, बल्कि कई फिल्मी सितारे और वामपंथी खुल कर सामने आए थे। कठुआ कांड को राजनीतिक रंग देने के लिए समुदाय विशेष के साथ अन्याय एवं दोषियों को समुदाय विशेष से जोड़ कर देखा जा रहा था, लेकिन ऐसा करने वाले लखीमपुर खीरी मामले में शांत पड़ गए। आखिर क्यों अगर ऐसे किसी मामले में पीडित अल्पसंख्यक समुदाय के होते तो शायद देश में आज तक हंगामा मचा होता। कई घटनाओं में यह देखा गया है कि जब आरोपित अल्पसंख्यक समुदाय से हो तो या तो उसे निर्दोष बताने का प्रयास किया जाता है या फिर मौन धारण कर लिया जाता है। इसी तरह अगर पीड़ित अल्पंसख्यक हो और आरोपित बहुसंख्यक तो फिर बड़े पैमाने पर विरोध और रोष दिखाया जाता है। कई बार यह हफ्तों तक जारी रहता है। किसी भी समाज के लिए दोहरा मानदंड ठीक नहीं। भारत में भी पिछले कुछ वर्षों से यह बात देखने को मिली है। अल्पसंख्यक और विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के नेता एवं वामपंथी बुद्धिजीवी घटना विशेष पर दोहरा मानदंड दिखाते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षित वर्ग को यह समझना होगा कि दोहरे मानदंड वाला रवैया किसी भी समुदाय के लिए हानिकारक होता है। यह रवैया धीरे-धीरे संबंधित समुदाय को दूसरे समुदायों से अलग करता जाता है।यही नहीं दूसरे समुदायों में ऐसे समुदाय के प्रति वैमनस्य की भावना बढ़ती चली जाती है। इसके नतीजे अच्छे नहीं होते। किसी भी समुदाय के शिक्षित वर्ग और साथ ही उसका नेतृत्व करने वालों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने समाज के अशिक्षित वर्गो के सामने एकपक्षीय बनकर न रहें। उसे हर समुदाय के लिए एकसमान सोच रखना होगा। देश में होने वाले सभी अपराधों को भारत के मूल्यों एवं संविधान के तहत देखा जाए, न कि किसी समुदाय विशेष या मजहब विशेष से जोड़कर। दुष्कर्म और हत्या जैसी निर्मम घटनाओं में हमें अपराध एवं अपराधियों के सोच की निंदा करनी है, न की उनकी जाति या मजहब की। ऐसी अवांछित घटनाएं लोगों के घटिया सोच का नतीजा होती हैं। मैं अपने समाज यानी अल्पसंख्यक समुदाय की गतिविधियों और घटनाओं विशेष पर उसकी मानसिकता को लेकर निरंतर नजर रखता हूं।

# हर्ष महाजन पर बोले कसुम्पटी के विधायक

शिमला से सटे कसुम्पटी क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध सिंह ने हर्ष महाजन के कांग्रेस छोड़ने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सिंह के अनुसार, उन्हें भी मुख्यमंत्री के कार्यालय से फोन आते हैं और भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जाता है पर उनका दावा है कि वह नहीं बिकेंगे। हर्ष महाजन के भाजपा में जाने के विषय में उन्होंने



कहा कि लोग पार्टी में रहे, मंत्री बने, उन्हें पूरा सम्मान मिला पर वह भाजपा में क्यों गए, इस पर वही बता सकते हैं। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि यह ईडी का डर है, आयकर के मामले हैं या किसी और तरह की ब्लैकमेलिंग है, यह संबंधित नेता ही बता सकते हैं। कसुम्पटी के विधायक अनिरुद्ध सिंह ने आरोप लगाया कि देश में महंगाई बढ़ने का एक कारण यह भी है कि देशभर में भाजपा सांसद व विधायक खरीदने पर पैसा लुटा रही है। जो लोग कांग्रेस छोड़ रहे हैं, वे एक ही रात में वापस आ जाएंगे। अनिरुद्ध सिंह ने दावा किया कि मुझे भी मुख्यमंत्री कार्यालय में बुलाया था, वहां पर डराया-थमकाया गया। ईडी से लेकर कई अन्य मामलों को उठाया, लेकिन मैंने तय कर रखा है कि मैं नहीं बिकूंगा। आगे भी इस पर अडिग रहूंगा। उनका कहना है कि इतने साल तक हर्ष महाजन ने क्यों चुनाव नहीं लड़ा, उन्हें जनता को बताना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बार कोई नेता आए तो उससे एक शपथ पत्र लिया जाए कि मैं नहीं बिकूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि शिमला के चमियाणा में सुपर स्पेश्येलिटी अस्पताल का लोकार्पण जल्दबाजी में किया है। सरकार ने चुनावी तैयारी में ऐसा किया। अभी न बिस्तर पूरे हैं और न ही इसमें कोई अन्य सुविधाएं हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, इस दौरान इस अस्पताल का निर्माण जल्द होगा।

# अनुसूचित जाति और जनजाति के क्रीमीलेयर तबके को आरक्षण से बाहर करना चाहिए

आर्थिक आधार पर आरक्षण दिए जाने के मामले पर केंद्र सरकार ने इसकी सुनवाई के दौरान तर्क दिया है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण आर्थिक न्याय की अवधारणा के अनुकूल है। इसके बाद न्यायालय ने आर्थिक आधार पर आरक्षण के प्रविधान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद अपना निणन्य सुरक्षित रख लिया है। दो वर्ष पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण संबंधी एक मामले में अनुच्छेद-32 के तहत दायर याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि आरक्षण मौलिक अधिकार नहीं है, बल्कि परंपरागत और ऐतिहासिक रूप से निरंतर अभावों में रह रहे वंचित वर्गों को उनके अधिकारों से सशक्त करने की एक नीति है जाहिर है संविधान में भी सरकारी नीतियों का लाभ लक्षित समूह तक पहुंचाने के लिए आर्थिक उपाय किए जाने को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। ऐसे में आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों को शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक सरकार का एक ऐसा ही साहसिक और जरूरी कदम था। इसमें संदेह नहीं कि सामाजिक रूप से उन्नत जातियों में भी गरीब हैं और उन्हें मदद की आवश्यकता है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में देश का एक बड़ा वर्ग शामिल है, जिसका उत्थान भी जरूरी है। इस श्रेणी के लिए आरक्षण का उद्देश्य उन करोड़ों लोगों का उत्थान करना है जो अभी भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। अब तक आरक्षण को दलितों, आदिवासियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का सशक्तीकरण कर उन्हें सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने वाला एक 'टूल' माना जाता रहा है। लेकिन आरक्षण को कभी भी आर्थिक पिछड़ापन दूर करने का 'टूल' नहीं माना गया। अब केंद्र सरकार ने इस दिशा में एक नई पहल की है तो यह कदम समाज के एक बड़े वर्ग की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला माना जा सकता है। भारत में आरक्षण का मुद्दा इस इस प्रशन से जुड़ा हुआ है कि क्या आबादी के एक वर्ग विशेष को आरक्षण देने का आधार जाति या वर्ग होना



चाहिए या नही इस मूलभूत प्रशन के संदर्भ में बहुत-से विश्लेषकों का विचार है कि आरक्षण के मानदंड के रूप में केवल आर्थिक पिछड़ेपन को ही आधार बनाया जाना चाहिए, जबकि कुछ राजनीतिक मामलों के जानकारों का विचार यह है कि इसमें सामाजिक पिछड़ेपन को भी शामिल किया जाना चाहिए भारत में विभिनन रिपोर्टों और अध्ययनों में यह बात समय-समय पर सामने आती रही है कि ऐसी अनेक जातियां-उपजातियां हैं, जिन तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। कुछ जातियां आरक्षण का लाभ लेने में आगे हैं और अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में पहुंच गई हैं, जबकि पिछड़े समाज में एक बड़ा तबका है, जो प्राथमिक शिक्षा से भी वंचित है। भारतीय संविधान में आरक्षण का प्रविधान उन जातियों और समुदायों के लिए किया गया था, जो समाज में सुविधाओं से वंचित रहते आए हैं। लेकिन इस प्रविधान के पीछे उद्देश्य यह भी था कि जब वंचित जातियां और समुदाय आरक्षण का लाभ पाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ जाएंगे या उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो जाएगी तो धीरे-धीरे आरक्षण के प्रविधान को समाप्त कर दिया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना था, किंतु आरक्षण प्रदान करने के आधार का गलत फायदा उठाकर संकीर्ण सोच वाले राजनीतिक दलों ने इसे राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन बना लिया। अब यह महसूस किया जाने लगा है कि आरक्षण सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का रामबाण इलाज नहीं है। अनुत्तरित प्रशन आज आलम यह है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से संपनन मानी जाने वाली जातियां मसलन आंध्र प्रदेश में कापू समुदाय, महाराष्ट्र में मराठा, हरियाणा में जाट और गुजरात में पटेल भी आरक्षण की मांग कर रहे हैं। ऐसे में आरक्षण से जुड़े हुए तमाम प्रशनें पर एक स्वस्थ बहस जरूरी हो गई है। मसलन क्या आज यह नहीं देखा जाना चाहिए कि जो वर्ग आरक्षण के दायरे में हैं, वे उससे उचित रूप से लाभान्वित हो सके हैं या नहीं निसंदेह यह भी देखे जाने की आवश्यकता है कि केवल पात्र लोगों को ही आरक्षण कैसे मिले इस प्रशन का उत्तर भी तलाशा जाना चाहिए कि क्या नौकरियों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में आरक्षण का प्रविधान सामजिक विभेद को बढ़ावा दे रहा है क्या अनुसूचित जाति/ जनजाति के क्रीमीलेयर तबके को आरक्षण से बाहर कर देना चाहिए एक और विवाद का पक्ष भी उभरा है कि क्या सामान्य वर्ग और ओबीसी तबके के लिए आरक्षण की व्यवस्था में आर्थिक सीमा के संदर्भ में एक ही पैमाने को आधार बनाया जा सकता है! अगर ऐसा है तो आरक्षण का वर्ग अलग-अलग होने का औचित्य क्या है! क्या अनुसूचित जाति/ जनजाति के ही अभिजात वर्ग ने इसके लाभों पर एकाधिकार जमा लिया है अब इस प्रशन पर भी सरकार व संसद को सोचना होगा कि क्या आरक्षण का लाभ एक बार मिलना चाहिए या बार-बार व पीढ़ी-दर-पीढ़ा आरक्षण के बल पर जो उच्च पदों पर पहुंच गए, विधानसभाओं व संसद की सदनों तक में आ गए, क्या उनके बच्चों को भी आरक्षण मिलना चाहिए मुद्दा यह भी है कि इतने बड़े आरक्षित वर्ग के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त नौकरियां मौजूद हैं यह स्पष्ट करना जरूरी है कि आरक्षण वंचित-शोषित व सामाजिक-शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान का जरिया है, न कि सरकारी नौकरियां देने का माध्यम। दुर्भाग्य से उसे सरकारी नौकरी हासिल करने का उपाय मान लिया गया है। सरकारों को आरक्षण नीति और प्रक्रिया की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नीति का लाभ उन लोगों तक पहुंच रहा है, जिन्हें इसकी आवश्यकता है। यह बात सही है कि आरक्षण राष्ट्रीय नीति एवं संवैधानिक वचनबद्धता है, परंतु इसके व्यावहारिक अमल का दायरा क्या हो, यह सार्वजनिक विचार-विमर्श से तय होना चाहिए। आखिर जब अन्य संवैधानिक प्रविधानों की समय-समय पर समीक्षा हो सकती है और जरूरत पड़ने पर उनमें संशोधन हो सकता है, तो फिर आरक्षण के संदर्भ में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण एक नीति के रूप में तभी सफल होगा, जब बीच-बीच में इसकी समीक्षा होती रहे। वंचितों और समाज के सबसे पिछड़े पायदान पर रहने वाले समाजों को तो आरक्षण की सख्त आवश्यकता है, लेकिन जो उसके वास्तविक हकदार हैं, केवल उन्हीं लोगों को उसका लाभ मिले। यह शिकायत सामान्य है कि आरक्षण का लाभ संबंधित आरक्षित वर्ग के अंतर्गत आने वाले सभी लोगों को समान रूप से नहीं मिल पा रहा है। आरक्षण प्रणाली सदियों से उपेक्षित निचली जातियों का सामाजिक-आर्थिक उत्थान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रारंभ की गई थी। परंतु वर्तमान परिदृश्य में जबकि आजादी के 75 साल पश्चात 'समानता' का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाना चाहिए था, यह सवाल तो पैदा होता है कि क्या सुशासन के अन्य तरीकों से इस पिछड़ेपन को दूर नहीं किया जा सकता क्या आरक्षण देना ही अंतिम विकल्प है क्या इससे समाज में स्वतंत्र स्पर्धा पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ रहा ह समय की मांग है कि उन कारणों की पड़ताल की जाए, जिससे कोई समाज प्रगति की दौड़ में पीछे छूट जाता है। ऐसे वक्त में जब सरकारी नौकरियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। आज आरक्षण के मुद्दे को एक नए ढांचे में रखना आवश्यक है जो भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में हो रहे परिवर्तनों का उचित ध्यान रखता हो। यह ढांचा ऐसा हो जो गुणवत्ता और समानता को बेहतर तरीके से संतुलित करने में मदद करे।

# मानवाधिकारों पर ज्ञान दे रहे पाकिस्तान को भारत ने दिखाया आईना

भारत ने अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का आरोप लगाने पर पाकिस्तान पर करारा पलटवार किया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में कहा कि दुनिया को ऐसे देश से लोकतंत्र और मानवाधिकारों विचारधाराओं पर रखी गई थी वह अब दुनिया को सांप्रदायिक और धार्मिक असहिष्णुता पर ज्ञान दे रहा है। दुनिया को ऐसे मुल्क से लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं है, जो खुद पाकिस्तान में हिंदू सिखों और ईसाइयों का अपहरण और जबरन धर्मांतरण कराने की घटनाएं हो रही हैं। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक जबरन विवाह की घटनाओं का शिकार हो रहे



पर सबक लेने की जरूरत नहीं है जो आतंकवाद को बढ़ावा देता है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 51वें सत्र को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव सीमा पुजारी ने पाकिस्तान को आईना दिखाया। भारतीय राजनयिक ने कहा कि जिस पाकिस्तान की नींव सांप्रदायिक आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम करता हो। वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान का योगदान अद्वितीय है। पाकिस्तान के आरोपों पर दिए जवाब में भारतीय राजनयिक ने कहा कि पाकिस्तान में शिया, अहमदिया, इस्माइली और हजारा समुदायों का उत्पीड़न किया जा रहा है। रोजाना सांप्रदायिक हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं से इन बतों की पुष्टि होती है। हैं। पाकिस्तान में सामूहिक विस्थापन न्यायिक हत्याओं की घटनाएं भी हो रही हैं। यही नहीं पाकिस्तानी फौज बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा में लोगों की यातनाएं करती है। लोगों की हत्याएं की जा रही हैं। भारतीय राजनयिक ने हजारों बलूच और पश्तूनों के अपहरण के लिए पाकिस्तान की जमकर आलोचना की।

# घरेलू गैस की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि संभव

घरेलू फील्डों से निकाली जाने वाली प्राकृतिक गैस का नया मूल्य एक अक्टूबर, 2022 से लागू होना है, लेकिन सरकार अभी तक इस बारे में कोई अंतिम फैसला नहीं ले पाई है। इसकी वजह यह है कि मूल्य तय करने के लिए गठित पारीख समिति की रिपोर्ट तैयार नहीं है। समिति ने रिपोर्ट जमा करने के लिए कुछ और वक्त की मांग की है। ऐसे में घरेलू गैस की मौजूदा कीमत के कुछ हफ्ते और जारी रहने की संभावना है। लेकिन इसके बावजूद इस बात की मजबूत संभावना है कि नया मूल्य मौजूदा 6.1 डालर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू- गैस मापने का अंतरराष्ट्रीय मानक) से कम से कम 40 से 50 प्रतिशत ज्यादा होगा। ऐसे में सरकार हालातों को देखते हुए फैसला करने में सतर्कता बरत रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य पर अंतिम फैसला पारीख समिति की रिपोर्ट देखने के बाद ही होगा, लेकिन इस बारे में मंत्रालय के अधिकारियों का वित्त मंत्रालय के साथ विमर्श हुआ है। यह बात भी उठी है कि अगर मौजूदा फार्मूले के आधार पर गैस के मूल्य में बहुत ज्यादा वृद्धि होती है तो उसका देश में महंगाई की स्थिति पर क्या असर होगा।



# सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर अमेरिका ने किया भारत का समर्थन

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के करीब आठ दशक के बाद लगभग सभी देश इस बात पर सहमति जता रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार किया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता है। वर्तमान में के पांच स्थायी सदस्य हैं- चीन, यह एक आसान प्रक्रिया होगी, लेकिन हम यह मानते हैं कि सुधार की आवश्यकता को हमेशा के लिए नकारा नहीं जा सकता है। जयशंकर ने आगे कहा कि यह किसी एक देश की जिम्मेदारी नहीं है, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। मुझे लगता है कि यह एक सामूहिक प्रयास है जिसे संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को करना है। हम आइजीएन सहित सुधार प्रयासों किया था। वर्तमान में भारत, 15 देशों के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय आम बहस के अपने संबोधन में कहा कि भारत बड़ी जिम्मेदारी लेने को तैयार है। लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्लोबल साउथ के साथ हो रहे अन्याय को निर्णायक रूप से संबोधित किया जाए। जयशंकर ने कहा



अमेरिका, फ्रांस, रूस और यूके। भारत दस अस्थायी सदस्यों में से एक है। केवल स्थायी सदस्य के पास किसी भी प्रस्ताव को वीटो करने की शक्ति होती है। ऐसे में अब बड़ा सवाल यह है कि शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का आखिर विस्तार कैसे होगा सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए भारत कई वर्षों से प्रयास कर रहा है। वीटो शक्ति वाले चीन की मौजूदगी के कारण भारत की सदस्यता पर सवाल उठा हुआ है। जयशंकर ने कहा कि सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में भारत एक स्थान का पूरा हकदार है। जयशंकर ने बुधवार को अमेरिका में भारतीय पत्रकारों के एक समूह को बताया कि हमने कभी नहीं सोचा था कि पर जोर दे रहे हैं। भारत अधिक जिम्मेदारियां लेने के लिए बिल्कुल तैयार है और इस बात को हमेशा के लिए नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी संयुक्त राष्ट्र में सुधार की वकालत की है। जो बाइडन ने पिछले सप्ताह महासभा में कहा था कि सुरक्षा परिषद में सुधार जरूर ही और इससे संस्था अधिक समावेशी बनेगा ताकि दुनिया की जरूरतों के हिसाब से बेहतर प्रतिक्रिया दी जा सके। जो बाइडन ने स्थायी सदस्य और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया था। अमेरिका ने स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का भी पूरा समर्थन किया था। कि हमारे कार्यकाल में हमने परिषद के सामने आने वाले कुछ गंभीर मुद्दो पर चर्चा की। हमने समुद्री सुरक्षा, शांति स्थापना और आतंकवाद का मुकाबला करने जैसी चिंताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया है। गौरतलब है कि जयशंकर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में अपनी बैठक के दौरान सुरक्षा परिषद में सुधार के साथ-साथ यूक्रेन और म्यांमार की स्थिति पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के बाद जयशंकर ने शनिवार को यहां गुटेरेस से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया- संयुक्त राष्ट्र महासचिव साथ वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में राज्यपाल व सीएम के बीच दिखी तल्खी, पढ़ें कहां से शुरू हुआ विवाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंडीगढ़।** दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल व उपराज्यपाल के बीच विवाद अक्सर सुर्खियों में आता रहता है। अब पंजाब में भी सरकार व राज्यपाल के बीच विवाद पनपने लगा है। पंजाब के सीएम भगवंत



मान व राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के बीच की तल्खी का असर चंडीगढ़ एयरपोर्ट के नामकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भी दिखा। खास बात यह है कि दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। और इन्हें दो राज्यों में राज्यपाल/उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच मनमुटाव की खबरें हैं। पंजाब में सबकुछ ठीकठाक चल रहा था लेकिन आम आदमी पार्टी के आपरेशन लोटस के आरोपों के बाद राजभवन व मुख्यमंत्री के बीच लकीर खिंच गई। आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह आपरेशन लोटस के जरिये उसके विधायकों की खरीद फरोख्त में जुटी है।

### चीन-अमेरिका के बीच कैसे रिश्ते चाहता है पाकिस्तान और क्या है उसकी मंशा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमेरिका से पाकिस्तान के बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद मांगने के बाद विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान चीन और अमेरिका के बीच खराब हुए रिश्तों को सुधारने में एक अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान इसमें एक मजबूत पुल का काम कर सकता है। बिलावल ने ये बात एक अमेरिकी मैग्जीन को दिए इंटरव्यू के दौरान कही हैं। इसको लेकर बिलावल की पार्टी पीपीपी ने अपने आधिकारिक अकाउंट से एक इंस्टाग्राम पोस्ट भी किया है, जिसमें इस इंटरव्यू की क्लिपिंग को शेयर किया गया है। फारेन पालिसी आन इस्लामाबाद के मुद्दे पर हुए इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कई सवालों का जवाब दिया।

# थाना सेक्टर 24 नोएडा पुलिस द्वारा क्यूआर कोड से फर्जी बिल बनाकर धोखाधड़ी करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**कब्जे से 01 मोबाईल फोन वीवो वाई 73 व 01 स्कूटी बरामद**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 पुलिस द्वारा सिटी सेन्टर के पास सर्विस रोड सेक्टर 32ए से ओएलएक्स



पर मोबाइल खरीदकर क्यू आर कोड से फर्जी बिल बनाकर धोखाधडी करने वाला शातिर अपराधी अमित कुमार पुत्र लल्लन निवासी सुरेश चौहान के मकान में किराएदार छलेरा सेक्टर 44 नोएडा मूल पता ग्राम भिलाई थाना भिलाई जनपद मधुबनी राज्य बिहार उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। **विवरणः-** दिनांक 28.09.2022 को वादी द्वारा अपना मोबाइल वीवो वाई 73 बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाला था जिसको खरीदने के लिए अभि0 अमित कुमार पुत्र लल्लन निवासी सुरेश चौहान के मकान में किराएदार छलेरा सेक्टर 44 नोएडा मूल पता ग्राम भिलाई थाना भिलाई जनपद मधुबनी राज्य बिहार उम्र 25 वर्ष मेट्रो स्टेशन सेक्टर 34 नोएडा आया और मोबाइल लेकर वादी को फर्जी क्यूआर कोड से बिल बनाकर दिखाया गया और चला गया जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 378/2022 धारा 420 भादवि पंजीकृत हुआ। अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि क्यूआर कोड से फर्जी बिल बनाना यू ट्यूब पर सीखा है। जिसको मैने मोबाइल खरीदने पर उपयोग किया। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** अभि0 अमित कुमार पुत्र लल्लन निवासी सुरेश चौहान के मकान में किराएदार छलेरा सेक्टर 44 नोएडा मूल पता ग्राम भिलाई थाना भिलाई जनपद मधुबनी राज्य बिहार उम्र 25 वर्ष **पंजीकृत अभियोग का विवरण** मु0अ0सं0 378/2022 धारा 420 भादवि थाना सेक्टर 24 नोएडा गौतमबुद्धनगर **बरामदगी का विवरण** मोबाइल वीवो वाई 73 पिंक ब्लू एक स्कूटी जूपिटर नं0 जिस्ट्रेशन नंबर डीएल 14 एसपी 2071 अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट।

# प्रेरणा विमर्श - 2022, लघु फिल्मोत्सव का आधिकारिक पोस्टर हुआ लॉन्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा के प्रेरणा भवन में गुरुवार को प्रेरणा विमर्श - 2022, लघु फिल्मोत्सव के आधिकारिक पोस्टर को लॉन्च किया गया। यह फिल्मोत्सव दिनांक 10 नवम्बर से 13 नवम्बर तक नोएडा के सेक्टर-12 के सरस्वती शिशु मन्दिर प्रांगण में चलेगा। प्रेरणा विमर्श - 2022, लघु फिल्मोत्सव के पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारतीय चित्र साधना के सचिव मंच पर फिल्म के माध्यम से बता सके। यह फिल्में भारत के संस्कारों को जीवंत रखते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रेरणा शोध संस्थान के अध्यक्ष श्री अनंज त्यागी जी ने कहा कि प्रेरणा विमर्श लघु फिल्मोत्सव का यह पाँचवा संस्करण होने जा रहा है। जो पौधा हमने लगाया था वह पूरी तरह से पल्लवित हो रहा है। यह हमारे लिए बहुत ही हर्ष का विषय




श्री अतुल गंगवार जी ने कहा की यह बड़ी खुशी की बात है कि जो यात्रा हमने शुरू कि थी वह अपने लक्ष्य के पथ पर आगे बढ़ रही है। यह एक ऐसा मंच है, जहाँ विद्याथिर्यों को हम मौका देते है सकारात्मक और रचनात्मक फिल्म बनाने का। वहीं दूसरी ओर ऐसे आयोजन उन विद्याथिर्यों को मौका देते है जो अपनी गली, मोहल्ले और शहर की कहानी को इस है की हम इस मंच के माध्यम से उन विद्याथिर्यों को एक नई दिशा दिखा रहे है जो फिल्म जगत से जुड़ना चाहते है। इस कार्यक्रम में डॉ. अनिल त्यागी जी संयोजक प्रेरणा विमर्श-2022, प्रो. वन्दना पांडेय जी, प्रोफेसर गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा एवं लघु फिल्मोत्सव 2022 के संयोजक डॉ. राजीव रंजन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट मे आर डब्ल्यू ए का हुआ शपथग्रहण समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट के बारात घर मे आज नवनियुक्त आर डब्लू ए का शपथग्रहण समारोह हुआ। आर डब्लू ए की पूरी कार्यकारिणी को यमुना प्राधिकरण के प्रभारी ए के सिंह ने विधिवत् शपथ दिलाई। और आज से नयी कार्यकारिणी को कार्य करने के लिए आदेशित कर दिया। शर्मा ने सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई दी और समाज हित मे कार्य करने की सलाह भी दी। इस मौके पर शिव शक्ति अपार्टमेंट की समस्त जनता उपस्थित रही। और सभी ने नयी समिति को जीतने की बधाई एवं शुभ आशीर्वाद भी दिया। अध्यक्ष जगदीश सिंह जग्गा ने सभी सेक्टरवासियो से हाथ जोडकर



आर डब्लू ए अध्यक्ष जगदीश सिंह जग्गा एवं महासचिव संजय शुक्ला ने शपथ लेने के बाद जनता को धन्यवाद दिया। और पूरी ईमानदारी के साथ समाज हित में वीना भेदभाव के कार्य करने का आश्वासन दिया। इस समारोह की अध्यक्षता फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने किया। फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र आभार व्यक्त किया। महासचिव संजय शुक्ला ने कहा कि यह चुनाव हमने नहीं लडा था। यह चुनाव सेक्टर 71 की जनता ने लडा था यह विजय समस्त सेक्टरवासियो की जीत है।यह पिछले 21 सालों मे पहला चुनाव है जो निष्पक्ष चुनाव था और जनता का चुनाव था इस चुनाव में जनता की विजय हुई है।

# मां कुष्मांडा पूजा के दिन उमडी भीड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा पूजा के दिन जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ट्रस्ट



सलारपुर नोएडा के द्वारा आयोजित पूजा समारोह में सैकरो श्रद्धालुओं की भीड उमडी, जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र पाठक ने बताया कि मां कुष्मांडा का पूजन विधि विधान से आचार्य भवन झा, पंडित शिवशंकर झा, पंडित इंद्रकांत झा, पंडित अंकित झा यजमान रमाकांत झा, श्रवण चौधरी ने सुबह 8बजे से किए दोपहर 1 बजे से आरती हुआ उसके बाद महिला मंडली के द्वारा कीर्तन भजन किया गया, शाम में 5 बजे से देवीभागवत आचार्य भवन झा के द्वारा किया गया, रात में आरती 9 बजे से हुआ उसके बाद मयंक ठाकुर के टीम द्वारा कीर्तन का आयोजन हुआ इस अवसर पर शिलाकाँत झा, देवचंद्र झा, रामचंद्र शर्मा, शम्भू झा, शंकर झा, अवधेश झा, शंका चौधरी, बीघनेश मिश्रा, राकेश झा, लाल बाबू तिवारी, मनोज ठाकुर,, नुनु बाबू, मुनन शर्मा, दिनेश शर्मा, सुरेश शाह, गौरी शंकर शाह, रंजित पोद्दार गांधी जी, नंदू शर्मा, दीपक, मयंक ठाकुर, मन्नू मिश्रा, आर के पांडेय, गणेश झा, भगवान मिश्रा, दयानंद झा, गजन, सुनील मिश्रा, संतोष झा, विष्णु मिश्रा, विनय मिश्रा, हरिश्चंद्र झा, रंजित झा, प्रभाष झा, नवीन झा।

# नोएडा स्टेडियम मे आज धनुष यज्ञ का हुआ मंचन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव नोएडा स्टेडियम में आज की रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ, माता सीता जी का राजा जनक जी द्वारा स्वंबर, लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। समिति के महासचिव संजय वाली ने बताया कि कल सांय 6 बजे डब्लूयू ब्लॉक लाल मंदिर सेक्टर 12 से भगवान श्री राम जी की बरात चलकर नोएडा स्टेडियम रामलीला ग्राउंड पर पंहुचेगी आप सभी सदस्यों से निवेदन है कि भगवान श्री राम जी की बरात में शामिल होकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस मौके पर टी एन गोविल चेयरमैन टी एन चौरसिया अध्यक्ष सुशील भारद्वाज कार्यकारी अध्यक्ष संजय बाली महासचिव अल्पेश गर्ग कोषाध्यक्ष सनातन धर्म रामलीला समिति के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति भी रही।



# विश्व हृदय दिवस अवसर पर हुआ शिविर का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में आज विश्व हृदय दिवस के अवसर पर राजकीय जिला संयुक्त चिकित्सालय नोएडा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर का



आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आयोजित होने वाले शिविर का उद्घाटन नोएडा क्षेत्र के माननीय विधायक पंकज सिंह एवं माननीय नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं चीफ फार्मेसिस्ट आलोक पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले शिविर में चिकित्सकों एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा हृदय रोग से संबंधित मरीजों की जांच व इलाज करते हुए हृदय की बीमारियों के होने के कारणों एवं बचाव के उपाय के बारे में मरीजों को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर डाइटिशियन डॉक्टर खुशबू सिंह के द्वारा हृदय रोग से संबंधित एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें हृदय रोग से संबंधित तथा मानव की दीर्घायु के लिए विचार विमर्श किया।

# भगवान राम द्वारा अहिल्या का उद्धार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन के तीसरे दिन मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष, उमेश त्यागी महामंत्री नोएडा महानगर भाजपा, गणेश जाटव महामंत्री नोएडा महानगर भाजपा, दीपक विग नोएडा महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, डॉ0 डी के गुप्ता सीएमडी फिलिक्स हॉस्पिटल,




विपिन मलहन अध्यक्ष एन ई ए, चौ0 कुशलपाल सिंह अध्यक्ष नोएडा एम्प्लाइज एसोसिएशन, योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष फोनरवा, के के जैन महासचिव फोनरवा एवं उमेद अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ लीला का शुभारंभ हुआ। श्रीराम मित्र मंडल राम लीला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुनन कुमार शर्मा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। प्रथम दृश्य में ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में राजा जनक के दूत का आगमन होता है और वह विस्तार से विश्वामित्र को राजा जनक द्वारा सीता विवाह आयोजन की जानकारी देता है और स्वयंवर में आने का निमंत्रण देता है। अगले दृश्य में प्रभु राम मुनि विश्वामित्र के साथ रास्ते में जाते हैं इसी बीच एक आश्रम दिखाई दिया जिसमें पशु पक्षी व जीव जन्तू नहीं थे। भगवान राम ने पत्थर की शिला देखकर विश्वामित्र जी से पूछा, विश्वामित्र ने पूरी कथा राम जी को बताई कि यह शिला गौतम मुनि की पतनी हैं जो श्राप वश पत्थर की देह धारण किये है। श्रीराम जी के पवित्र चरणों की रज का स्पर्श पाते ही अहिल्या प्रकट हो जाती हैं एवं भगवान के चरणों में लिपट जाती है और कहती हैं। ऐसी प्रार्थना कर अहिल्या पति लोक को चली जाती हैं। अगले दृश्य में मिथिला में पड़े भयंकर सूखे से राजा जनक बेहद परेशान हो गए थे, तब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्हें वसिष्ठ ऋषि ने यज्ञ करने और धरती पर हल चलाने का सुझाव दिया।ऋषि के सुझाव पर राजा जनक ने यज्ञ करवाया और उसके बाद राजा जनक धरती जोतने लगे तभी उन्हें धरती में से सोने की डलिया में मिट्टी में लिपटी हुई एक सुंदर कन्या मिली राजा जनक की कोई संतान नहीं थी, इसलिए उस कन्या को हाथों में लेकर उन्हें पिता प्रेम की अनुभूति हुई राजा जनक ने उस कन्या को सीता नाम दिया और उसे अपनी पुत्री के रूप में अपना लिया। अगले दृश्य में मुनि विश्वामित्र के साथ चलते-चलते जनकपुर के निकट पहुंच जाते हैं। जनकपुर पहुंचकर श्रीराम एवं लक्ष्मण जनक बाजार में पहुंचते हैं जहाँ तरह तरह की दुकानें सुसज्जित थी विभिन्न प्रकार के पकवान एवं तरह तरह की मिठाइयां देख उनका मन प्रसनन हो गया। अगले दृश्य मे माता सीता मनचाहे वर के लिए माता गौरी की पूजा करती हैं ताकि उन्हें राम वर के रुप मे प्राप्त हो और वह अपना मन चाहा वर प्राप्त कर सकें इसके साथ ही तीसरे दिन की लीला का समापन होता है। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, मुख्य संरक्षक मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, उपमुख्य संरक्षक राजकुमार गर्ग, सतनारायण गोयल, बजरंगलाल गुप्ता, चौधरी रविन्द्र सिंह, मुकेश अग्रवाल, तरुणराज अग्रवाल, एस एम गुप्ता, पवन गोयल, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मनोज शर्मा, मुकेश गुप्ता, शांतनु मित्तल, मनीष गुप्ता, चन्द्रप्रकाश गौड़, गौरव मेहरोत्रा, मनीष गोयल, अजीत चाहर, आर के उप्रेती, मुकेश गर्ग, गौरव गोयल, ललित कंसल, सुधीर पोरवाल, मनोज सिंघल, सज्जन मित्तल, सुरेंद्र सिंघल, बल्ली जैन, दीपक अग्रवाल, राजकुमार बंसल, गौरव चौधरी, संतोष त्रिपाठी, प्रवीण गोयल, अर्जुन अरोड़ा, गौरव गोयल, रोहताश गोयल, बीना बाली, सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया कि 29 सितंबर को राजा जनक द्वारा अतिथि राजाओं का स्वागत, धनुष भंग करने का प्रयास एवं हताश होकर बैठना, लक्ष्मण क्रोध, रावण का विवाह मंडप में आगमन, राम द्वारा धनुष भंग, परशुराम क्रोध एवं वरमाला आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

# जनपद में चलाया जा रहा है कोविड टीकाकरण महा अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में आज कोविड टीकाकरण महा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राजकीय जिला संयुक्त चिकित्सालय नोएडा में कोविड टीकाकरण बूथ बनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा क्षेत्र के माननीय विधायक पंकज सिंह एवं नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के द्वारा कोविड टीकाकरण बूथ का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि इस उद्घाटन समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट आलोक पांडे एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# मोटो वॉल्ट इंडिया ने नोएडा में अपने दूसरे शोरूम का किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया ने नोएडा में अपने दूसरे मोटो वॉल्ट शोरूम का उद्घाटन किया। ग्लोबल मार्किट से प्रेरित होकर, मोटो वॉल्ट अपने कस्टमर को विभिन्न ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत



रेंज की पेशकश करेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के फीचर्स और प्राइस पॉइंट होंगे। ब्रांड की यह नई अत्याधुनिक सुविधा ए-08, लोहिया रोड, ए ब्लॉक, सेक्टर 63, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301 में स्थित है और अर्नव अरोड़ा की लीडरशिप में ऑपरेटेड है। इस फैसिलिटीज को मोटो वॉल्ट अम्ब्रेला के तहत विभिनन ब्रांडों की सुपरबाइक्स की एक विशाल रेंज को हाइलाइट करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। इसके साथ ही शोरूम मर्चेंडाइज और एक्सेसरीज भी प्रदर्शित करेगा जो कि सभी मोटरिंग आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप शॉप होगा। इस उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, श्री विकास झाबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, इस डीलरशिप के उद्घाटन के साथ ही, मोटो वॉल्ट अब भारतीय मोटरसाइकिल के दीवानों को एक ही छत के नीचे तमाम ग्लोबल ब्रांड तक पहुंच प्रदान करेगा। हम अधिक पहुंच और बेहतर कस्टमर सर्विस के साथ, अपने पेट्रोन्स को एक प्रीमियम खरीद और ओनरशिप का बेहतरीन अनुभव भी प्रदान करेंगे। इस नए डीलरशिप के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए मोटो वॉल्ट के डीलर प्रिंसिपल अर्नव अरोड़ा ने कहा, इस नई फैसिलिटी के उद्घाटन के साथ ही, अब हम लोकल मोटो उत्साही लोगों के सपनों को पूरा करने और उन्हें ग्लोबल ब्रांड्स तक पहुंच प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा हमारा लक्ष्य अपने तमाम कस्टमर्स को परेशानी मुक्त सेल और सर्विस प्रदान करके एक प्रीमियम एक्सपीरियंस प्रदान करना है।शुरुआत में मोटो वॉल्ट नोएडा की इस फैसिलिटी समेत पूरे देश में अपने 23 टच प्वाइंट का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित करेगा। यह फैसिलिटीज मोटो मोरिनी एवं जोंट्स रेंज की सुपर बाइक को प्रदर्शित करेगी इसके अलावा आने वाले कुछ महीनों में इसमें कई और विश्व स्तरीय ब्रांड्स को भी पेश किया जाएगा।मोटो वॉल्ट के प्रोफेशनल्स को सेल्स, सर्विस, और कस्टमर एक्सपीरियंस के मामले में सर्वोत्तम पेशकश करने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड्स और दिशानिर्देशों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे ग्राहक अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ, स्ट्रेस-फ्री ओनरशिप का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही इसका नया बिज़नेस मॉडल पर्या वरणीय प्रभाव और सस्टेनेबिलिटी(स्थिरता) संबंधी चिंताओं को भी सुदृढ़ करेगा, जोकि संसाधनों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करते है।

# पैसा वसूल या फिर डब्बा गोल टिकट बुक करने से पहले पढ़ें कैसी है सैफ-ऋतिक की 'विक्रम वेधा'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'विक्रम वेधा' 30 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज है। एक तरफ तो 'बायकॉट विक्रम वेधा' ट्रेंड हो रहा है दूसरी तरफ फिल्म का पहला रिव्यू सामने आ गया है। तो अगर आप भी इसका टिकट एडवांस में बुक करना चाहते हैं, तो पहले यहां पढ़े लें कि ट्रेंड और फिल्म एक्सपर्ट्स को 'विक्रम वेधा' आखिर लगी कैसी करीब चार हजार स्क्रीन्स पर भारत में रिलीज हो रही 'विक्रम वेधा', साउथ में इसी नाम से बनी फिल्म का ऑफिशियल हिन्दी रीमेक है। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी काफी जबरदस्त रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह इस साल की सबसे कामयाब फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का भी रिकॉर्ड तोड़ देगी। अब होगा क्या




यह तो शुक्रवार को ही पता चलेगा लेकिन ट्रेंड एनालिस्ट तरण आदर्श ने रिलीज होने से पहले ही फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताया है। ट्रेंड एनालिस्ट तरण आदर्श ने विक्रम वेधा को 4 स्टार दिया है साथ ही फिल्म को बेहतरीन बताया है। उन्होंने अपने रिव्यू में लिखा- आकर्षक। मनोरंजक चतुराई से लिखा गया, शानदार ढंग से एक्जिक्यूट किया गया में सब कुछ है स्टाइल, सबटैंस, सस्पेंस, क्षऋतिक रोशन और फायर लगे। इसके साथ ही दुबई स्थित फिल्म समीक्षक उमैर संधू ने हाल ही में ट्विटर पर विक्रम वेधा की अपना रिव्यू शेयर किया की। उमैर ने फिल्म को 'पैसा वसूल मास एंटरटेनर' कहा और फिल्म को 3 स्टार भी दिए। फिल्म के बारे में उन्होंने ट्वीट किया, फर्स्ट रिव्यू पैसा वसूल मास एंटरटेनर पावर पैक्ड स्क्रीनफ्ले, डायलॉग्स और क्लाइमेक्स। ने करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया पूरी तरह से अवॉर्ड योग्य अभिनय। ने शो को चुरा लिया। इसे जरूर देखें।बता दें कि विक्रम वेधा की सेलेब्स और मीडिये के लिए खास स्क्रीनिंग रखी गई थी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म करीब 175 करोड़ रुपये में बनी है। जिसके बाद इसके प्रचार पर 15 करोड़ खर्च किए गए है। यानी कि सिनेमाघरों तक पहुंचते पहुंचते फिल्म का कुल बजट हो गया 190 करोड़। तो इसके सामने चुनौती के तौर पर 'ब्रह्मास्त्र' खड़ी है, जो अपनी तीसरे हफ्ते में भी जबरदस्त कलेक्शन कर रही है।

# दादी के निधन पर फूट-फूट कर रोईं महेश बाबू की बेटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार महेश बाबू और उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। महेश बाबू की मां इंदिरा देवी का आज सुबह निधन हो गया। उनकी मां पिछले कुछ हफ्तों से काफी बीमार थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट किया गया था। उनका इलाज हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में चल रहा था। तबीयत ज्यादा बिगड़ने की वजह से उनकी मां को अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। वहीं आज यानी 28 सितंबर, 2022 की सुबह महेश बाबू की मां इंदिरा देवी ने आखिरी सांस ली।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राजश्री प्रोडक्शंस को भेजी चिट्ठी में आखिर ऐसा क्या लिखा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को कई क्लासिक और यादगार फिल्में देने वाली निर्माण कम्पनी राजश्री प्रोडक्शंस ने 75 साल का सफर पूरा कर लिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चिट्ठी ने जशन का मजा दोगुना कर दिया है। प्रधानमंत्री ने अपनी चिट्ठी में






प्रधान मंत्री
Prime Minister
New Delhi
29th August, 2022
Shri Kamal Kumar Barjatya Ji,
I thank you for your greetings on the occasion of 75 years of freedom of our country and wish you the same.
It was also interesting to note that Rajshri Productions celebrated 75 years of successful work on the same day as our Independence Day. I congratulate you,

राजश्री की फिल्मों की शानदार विरासत को सराहा है। प्रोडक्शन कम्पनी ने इस लेटर का वीडियो सोशल मीडिया में साझा किया है। वीडियो के साथ लिखा गया है- मीडिया और एंटरटेनमेंट बिजनेस में 75 साल पूरे करने पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राजश्री प्रोडक्शंस को बधाई संदेश भेजा है। लेटर में पीएम मोदी ने कमल कुमार बड़जात्या को संबोधित किया है, जो ताराचंद बड़जात्या के बेटे हैं।अनुपम खेर का राजश्री बैनर के साथ पुराना नाता रहा है। उन्होंने राजश्री की फिल्म सारांश से फिल्मों में पारी शुरू की थी और फिर बैनर की कई फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभायीं। अनुपम ने उस दौर को याद करते हुए लिखा- आदरणीय प्रधानमंत्री जी, राजश्री पिछले 75 सालों से भारत की सबसे सर्वोत्तम और साफ-सुथरी फिल्में बनाने वाली कम्पनी है। आज से 38 साल पहले सारांश में इन्होंने ही मुझे इंट्रोड्यूस किया था। आपके लिखे इस लेटर से राजश्री परिवार का सम्मान हम सबके लिए गौरव की बात है। राजश्री प्रोडक्शंस की स्थापना ताराचंद बड़जात्या ने 1947 में की थी। राजश्री बैनर साफ-सुथरी और पारिवारिक फिल्मों के निर्माण के लिए जाना जाता है। 75 साल के सफर में बैनर ने कई सुपरहिट, यादगार और बेहतरीन संगीत से सजी फिल्में हिंदी सिनेमा को दी हैं। इन फिल्मों में 1964 में आयी दोस्ती, 1966 की सूरज, 1973 की सौदागर, 1977 में आयी दुल्हन वही जो पिया मन भाये, 1978 में आयी अंखियों के झरोखों से, 1982 में आयी नदिया के पार, 1984 की सारांश, 1989 में आयी मैंने प्यार किया, 1994 में रिलीज हुई हम आपके हैं कौन और 1999 में आयी हम साथ साथ हैं, शामिल हैं। बैनर की पहली फिल्म आरती को क्रिटिक्स ने सराहा था और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में दिखायी गयी थी। सूरज ने मैंने प्यार किया से ही अपनी निर्देशकीय पारी शुरू की थी। इस फिल्म ने सलमान खान को रातोंरात स्टार बना दिया था। वहीं, भाग्यश्री ने भी बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया था। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में शामिल है। यह नदिया के पार का रीमेक थी, जिसकी कथाभूमि शहरी परिवेश और कॉरपोरेट परिवार था कुछ ऐसा ही इतिहास दोहराया सूरज निर्देशित हम आपके हैं कौन ने, जिसमें सलमान के साथ माधुरी दीक्षित लीड रोल में थीं। सूरज और सलमान की आखिरी फिल्म प्रेम रतन धन पायो है, जो 2015 में रिलीज हुई थी। सोनम कपूर ने फीमेल लीड रोल निभाया था। राजश्री की आने वाली फिल्मों में ऊंचाई शामिल है, जिसमें अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बमन ईरानी मुख्य किरदारों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन सूरज बड़जात्या ने किया है और 11 नवम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शाहरुख -सलमान को पछाड़ कर आगे निकले मीका सिंह सिंगर ने खरीदा आइलैंड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिंगर मीका सिंह इंडस्ट्री के उन सिंगर में शुमार है, जिनका एक गाना फिल्म की सफलता को पुख्ता कर देता है। हाल ही में अपने 'स्वयंवर मीका दी वोहटी' को लेकर उन्होंने काफी सुर्खियां बटोरी। इस शो के दौरान उन्होंने अपने लाइफ पार्टनर की तैयारियां शुरू कर दी है। दरअसल, सिंगर ने अपना प्राइवेट आइलैंड खरीदना है। कहा जा रहा है कि मीका आजकल इसी प्राइवेट आइलैंड पर क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे है सोशल मीडिया पर मीका सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक बोट चलाते नजर आ रहे है। इस दौरान उनके



आकांक्षा पुरी को चुना था। हालांकि अब तक इस कपल ने शादी तो नहीं कि लेकिन मीका ने घर बसाने बॉडीगार्ड्स भी दिखाई दे रहे है। जिस बोट पर मीका सवार है उसपर लिखा है 'एमएस' यानी मीका सिंह।

# इतिहास में पहली बार बिग बॉस में हो रहे हैं ये तीन बड़े बदलाव, धुंआधार कमाई करेगा सलमान खॉन का शो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 का आगाज बस कुछ ही घंटों की दूरी पर है। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ पिछले सीज़न से बहुत अलग होने वाला है। जहां पिछले सीजन में जंगल थीम थी, वहीं इस बार वॉटर या फिर सर्कस थीम हो सकती को दिखा करें उसका नाम गेस करने के लिए ट्रांसफर छोड़ दिया जाता था। लेकिन इस बार मेकर्स ने मास्क से ढका चेहरा दिखाकर कंटेस्टेंट



रहे हैं, शो को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ती जा रही है। इस बार का बिग बॉस पहले से काफी अलग होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान के शो में कुछ बदलाव किए गए हैं। नए बदलावों के साथ यह शो पहले से भी ज्यादा रोमांचक और एंटरटेनिंग होने वाला है। बिग बॉस 16 में इस बार क्या नया होने वाला है, आइये जानते हैं। मेकर्स का दावा है कि बिग बॉस का यह सीजन है। बिग बॉस सीजन में कोई न कोई रूल जरूर बनता है और रूल्स को कंटेस्ट्स तोड़ते भी हैं, जिसके लिए उन्हें सजा भी मिलती है। अब सवाल यह है कि इस बार क्या रूल होने वाला है अगर प्रोमो में सलमान खान के शब्दों पर ध्यान दें तो पता लगेगा कि इस बार कोई रूल नहीं है। सलमान खान यह कहते भी सुनाई दे रहे हैं कि रूल यही है कि इस बार कोई रूल नहीं है। पहले कंटेस्टेंट के आधे चेहरे के इंट्रोडक्शन का स्टाइल ही पूरी तरह से बदल दिया है। बिग बॉस 16 के लिए अभी तक अब्दू रोजिक, सुम्बुल तौकीर, निम्रत कौर अहलूवालिया, गौतम विज का नाम सामने आ चुका है। बिग बॉस 01 अक्टूबर, 2022 से शुरू हो रहा है। शनिवार और रविवार को बिग बॉस कलर्स रात 9:30 बजे से टेलीकास्ट होगा और मंडे टू फ्राइडे रात 10 बजे से दिखाया जाएगा।

# भरे इवेंट में बबिता जी के बारे में बच्चे से ऐसी बात सुनकर भड़क गए जेठालाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' इन दिनों काफी चर्चा में बना हुआ हैं। इसकी वजह ये है कि इसके कलाकारों अचानक ही शो छोड़कर जाना। कई ऐसे कलाकारों ने इस शो को अलविदा कह दिया जो पिछले 15 सालों से लगातार इसका हिस्सा रहे थे। हाल ही में तारक मेहता का रोल प्ले करने वाले एक्टर शैलेश लोढ़ा और टप्पू यानी राज अनादकत ने शो को छोड़ दिया। है। इस खबर ने फैंस को काफी निराश किया। वहीं इसी बीच अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक बच्चे ने जेठालाल से बबीता जी के बारे में कुछ ऐसा कह दिया, जिसे सुनकर एक्टर भड़क जाते हैं। जेठालाल यानी



दिलीप जोशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि दिलीप जोशी एक गुजराती इवेंट में हिस्सा लेते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो गुजराती में बात करते नजर आ रहे हैं। वहीं इवेंट में एक बच्चे ने जेठालाल से बबीता जी के बारे में कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर एक्टर हैरान रह गए। उन्होंने कहा, 'बेटा आप किस क्लास में हो फिर वो कहते हैं, ' तुम 10 में हो और बबीता जी की बात करते हो।' ये सुनते ही सभी हंसने लगते हैं। वीडियो हो रहा वायरल आपको बता दें कि जेठालाल का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर लगातार फैंस के कमेंट्स आ रहे हैं। अब तक इस वीडियो को काफी व्यूज मिल चुके हैं।

# अक्षरा सिंह को देवी के अवतार में देख भड़के लोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी कंटेस्टेंट अक्षरा सिंह इन दिनों सुर्खियों में छाई हुई हैं। हाल ही में उनका एक अश्लील एमएमएस सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। दावा किया गया कि यह वीडियो तब बनाया गया है जब भोजपुरी एक्ट्रेस किसी लड़के के रौद्र अवतार में दिखाई दे रही हैं। हाथ में त्रिशूल थामे अक्षरा का गेटअप भी लोगों को काफी पसंद आ रहा है। लेकिन लोगों को माथा नका उनके साथ वाली लड़कियों को देखकर, जिन्होंने ब्लैक कलर का रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है। अक्षरा ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, 'मेरे नए देवी गीत



साथ प्राइवेट मोमेंट स्पेंड कर रही थीं। अब अक्षरा सिंह, अपने अपकमिंग गाने 'चौस जोगनिया माई' का फर्स्ट लुक शेयर करके ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं।भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार अक्षरा सिंह के सितारे आजकल ठीक नहीं चल रहे। एक तरफ तो उनका श्श्ए लीक होने के चलते लोग उन्हें निशाने पर ले रहे हैं। तो वहीं अब उन्हें देवी गीत नाचते देख, तो लोगों का पारा ही हाई हो गया। एक्ट्रेस ने 'चौस जोगनिया माई' गाने का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया और लोग लग गए उन्हें खरी खोटी सुनाने में।'चौस जोगनिया माई' इस गाने में अक्षरा ने लाल साड़ी पहनी हुई है। इसमें वो देवी के का फर्स्ट लुक। जल्दी ही मेरे चैनल अक्षरा सिंह ऑफिशियल पर आ रहा है। एक नया अवतार और अथक प्रयास इस बार माता रानी और आपके लिए। जय माता दी।'इस पोस्ट पर लोगों ने अक्षरा की क्लास लगा दी। किसी ने लिखा कि अभी तो एमएमएस आया था, फिर देवी के रूप में दिख रही हो थोड़ा इंतजार ही कर लेती। एक यूजर ने लिखा ,'आप इस लायक नहीं हैं, आप घटिया गंदे वीडियो बनाती हो। छी छी छी घिन आती है आप से।' तो वहीं एक दूसरे यूजर ने कमेंट बॉक्स में लिखा,'जो वीडियो आया था, वो सही है ना तो किसी ने लिखा, दुर्गा का रूप शोभा नहीं देता आपको।

# सांसद नुसरत जहां ने ब्रालेट पहन कराया बोल्ड फोटोशूट, यूजर ने कहा- 'क्या हमारे पार्लियामेंट की एमपी हैं''

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बंगाली फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री और पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस की सांसद तस्वीरों ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इनमें उनकी हॉटनेस देख हर किसी को पसीने छूट रहे हैं नुसरत जहां ने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट अपना दिल हार रहे हैं। वहीं कई उन्हें ट्रोल करते दिख रहे हैं नुसरत जहां की इन तस्वीर को जहां कई यूजर्स काफी पसंद कर



नुसरत जहां हमेशा ही सुर्खियों में बनीं रहती हैं। उन्होंने एक्टिंग के साथ राजनीति में भी खुद को साबित किया है। दोनों ही क्षेत्रों में उन्होंने जिस तरह का तालमेल बिठाया है, वो वाकई काबिले तारीफ है। टीएमसी सांसद सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी बोल्ड लुक की वजह से फैंस के बीच छाई रही हैं। इसी बीच एक बार फिर से उनकी कुछ फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं कि नुसरत ने पिंक और ब्लू कलर की ब्रालेट पहनी हुई है। वहीं उनके बाल ओपन हैं और वो अलग-अलग अंदाज में पोज दे रही हैं। इस दौरान उनके बाल ओपन हैं। उनकी हर तस्वीर एक से बढ़कर एक है। उनके इस अंदाज पर जहां कई फैंस रहे हैं, वहीं कई उन्हें ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। इस पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आप भूल गईं आप सांसद हैं।' वहीं कई ने उन्हें पूरे कपड़े पहनने की सलाह दी है। इस तस्वीर को अब तक काफी बार देखा जा चुका है। एक ने लिखा कि नवरात्रि पर ऐसी तस्वीरें पोस्ट कैसे कर सकती हैं। एक लिखता है, 'अच्छा ये क्या हमारे पार्लियामेंट की एमपी हैं।'

# थैंक गॉड' का दूसरा सॉन्ग 'हानिया वे' रिलीज, रकुल प्रीत और सिद्धार्थ मल्होत्रा की केमिस्ट्री पर फिदा हुए फैंस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत फिल्म थैंक गॉड अपनी होगी। फिल्म में अजय देवगन हिसाब-किताब के देवता चित्रगुप्त की भूमिका में नजर आने वाले हैं। जबकि सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल वर्कफ्रंट की करें तो वो थैंक गॉड के अलावा मिशन मजनू, योद्धा जैसी एक्शन एरीयल फिल्म में भी नजर आने वाले हैं।



कहानी को लेकर लोगों के बीच चर्चा में छाई हुई है। मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने मनिके को मिली शानदार सफलता के बाद अब दूसरा गाना हानिया वे रिलीज कर दिया है। इस सॉन्ग वीडियो में रकुल प्रीत सिंह और सिद्धार्थ मल्होत्रा का रोमांस अंदाज दिख रहा है सॉन्ग वीडियो की शुरुआत में रकुल प्रीत सिंह, सिद्धार्थ मल्होत्रा को मनाती हुई दिख रही हैं, लेकिन अंत में दोनों एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए दिख रहे हैं। रकुल प्रीत और सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री के खूब पसंद किया जा रहा है। रश्मि विराग द्वारा लिखे इस रोमांटिक गाने को जुबिल नौटिलाय ने अपने बेहतरीन आवाज दी है और गाने को तनिष्क बगीची ने अपने म्यूजिक से सजाया है।इस फैमिली कॉमेडी ड्रामा फिल्म की कहानी यमलोक की कहानी पर बेस्ड प्रीत सिंह पुलिस अधिकारी के साथ-साथ पति-पत्नी की भूमिका में दिखाई देंगे। रियल लाइफ ड्रामा पर बनी ये फिल्म 25 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आपको बता दें कि अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर ये फिल्म कानूनी मुश्किलों में भी घिरती हुई दिख रही हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री और एजुकेशन मंत्री विश्वास सारंग ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को एक पत्र लिख कर फिल्म थैंक गॉड को बैन करने की मांग की थी। उनका कहना है कि इस फिल्म में हिसाब-किताब रखने वाले देवता चित्रगुप्त का अपमान किया गया है।इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर यूपी के कई शहरों में भी विरोध हुआ था और लोगों ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की थी।वहीं, बात अगर उनके

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।